www.anokhateer.com
anokhateer@gmail.com
पंजीयन क्रमांक-एमपीएचआईएन 69306/1998

Epaper

दैनिक
# अनोखा तीर
हरदा एवं नर्मदापुरम् से एक साथ प्रकाशित
निशाने पर हर खबर

14 मार्च 2026
हरदा, शनिवार
वर्ष-15, अंक - 275, पृष्ठ-8
मूल्य- 2 रुपए
चैत्र कृष्ण पक्ष - 11
विक्रम संवत् 2082

### डबल इंजन की सरकार में बहनों को मिल रही हैं डबल खुशियां : मुख्यमंत्री डॉ. यादव

लाड़ली बहना योजना की 34वीं किस्त जारी

# योजना ने बहनों को बनाया स्वावलंबी

● मुख्यमंत्री ने आरोन-पटई उद्वहन सिंचाई परियोजना को दी मंजूरी ● भितरवार पीएचसी बनेगा सिविल अस्पताल ● घाटीगांव उप स्वास्थ्य केंद्र का भी होगा उन्नयन ● ग्वालियर जिले को दी 122 करोड़ रुपये के 54 विकास कार्यों की सौगात






अनोखा तीर, भोपाल/ग्वालियर ।

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि मध्यप्रदेश की बहनें आत्मनिर्भरता एवं स्वावलम्बन के मामले में पूरे देश के लिए उदाहरण बन रही हैं। प्रदेश के 5 लाख से अधिक स्व-सहायता समूहों से जुड़कर करीब 65 लाख बहनें आर्थिक रूप से सशक्त हुई हैं। आज प्रदेश में 12 लाख से अधिक लखपति दीदियां कार्यरत हैं। हम महिला उद्यमियों को भी प्रोत्साहित कर रहे हैं। हमारी बहनें अब फैक्ट्रियों और उद्योगों का नेतृत्व कर रही हैं। प्रदेश के 47 प्रतिशत नए स्टार्ट-अप का नेतृत्व अब हमारी बहनों के हाथों में है। हम सभी बहनों के कल्याण और सशक्तिकरण के लिए मिशन मोड में कार्य करते हुए आगे बढ़ रहे हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रदेश में डबल इंजन की सरकार है, इसलिए यहां की बहनों को लाड़ली लक्ष्मी और लाड़ली बहना योजना के रूप में डबल खुशियां मिल रही हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव शुक्रवार को ग्वालियर जिले के शबरी माता मंदिर परिसर, घाटीगांव में आयोजित राज्य स्तरीय महिला सम्मेलन में लाड़ली बहनों को संबोधित कर रहे थे।

मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव का ग्वालियर के घाटीगांव में रोड शो में नागरिकों ने पुष्प वर्षा कर अभिनन्दन उन्होंने जनता का अभिवादन किया। ग्वालियर के घाटीगांव में भगवान देवनारायण मंदिर में पूजा अर्चना की। घाटीगांव में मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना के राशि अंतरण समारोह में विभिन्न योजनाओं के हितग्राहियों को हितलाभ वितरित किए।

#### प्रमुख घोषणाएं

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने भितरवार विधानसभा क्षेत्र में आरोन-पटई उद्वहन सिंचाई परियोजना को मंजूरी दी। उन्होंने कहा कि 120 करोड़ रुपए की यह परियोजना क्षेत्र के किसानों का



जीवन खुशहाल कर देगी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने जनप्रतिनिधियों की मांग पर घाटीगांव सहित चिनौर और करैया में भी सांदीपनि विद्यालय खोले जाने की घोषणा की। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि भितरवार पीएचसी का उन्नयन कर सिविल अस्पताल बनाया जायेगा। घाटीगांव के उप स्वास्थ्य केंद्र का भी उन्नयन कराएंगे।



# सिवनी में शहडोल-नागपुर एक्सप्रेस दुर्घटनाग्रस्त

● ब्रेकयान के पहिए पटरी से उतरे

अनोखा तीर, सिवनी ।

शहडोल से नागपुर की ओर जा रही शहडोल-नागपुर एक्सप्रेस के साथ आज एक बड़ा हादसा होने से बाल-बाल बच गया। जानकारी के अनुसार, नैनपुर से केवलारी के बीच ट्रेन के पहिए अचानक पटरी से नीचे उतर गए। पटरी से उतरते ही ट्रेन में तेज झटका महसूस हुआ, जिससे यात्रियों में हड़कंप मच गया। इसके बाद अफरातफरी की स्थिति उत्पन्न हो गई।

**कोई जनहानि नहीं**- गनीमत रही कि इस दुर्घटना में किसी भी प्रकार की जनहानि या किसी यात्री के घायल होने की सूचना नहीं है।

● **रेलवे ट्रैक है बाधित**- वहीं, इस आदेश के बाद रेलवे ट्रैक पर ट्रेनों की आवाजाही प्रभावित है। रेलवे की तकनीकी टीम ब्रेकयान को ट्रैक पर लाने में जुटी है। इसके बाद गाड़ी वहां से आगे बढ़ेगी तो अन्य गाड़ियों की आवाजाही शुरू हो पाएगी।

# स्कूल की बजाय संन्यासी बनने निकला 14 साल का बच्चा

● बैग से निकले प्रेमानंद महाराज के फोटो और माला



अनोखा तीर, इंदौर ।

सोशल मीडिया पर आध्यात्मिक प्रवचनों का असर एक छात्र पर ऐसा हुआ कि वह वैराग्य अपनाने निकल पड़ा। इंदौर के हीरानगर थाना क्षेत्र का एक 14 वर्षीय छात्र आठवीं की परीक्षा और घर-परिवार छोड़कर प्रेमानंद महाराज से मिलने वृंदावन के लिए निकला। गनीमत रही कि पुलिस ने समय रहते उसे रेलवे स्टेशन से सुरक्षित बरामद कर लिया।

● **रील और प्रवचनों का गहरा असर**- पूछताछ में बच्चे ने बताया कि वह लंबे समय से मोबाइल पर प्रेमानंद महाराज के प्रवचन सुन रहा था। महाराज की बातों से प्रभावित होकर उसने तय किया कि वह अब पढ़ाई छोड़कर वृंदावन जाएगा और वहीं संन्यास लेकर भक्ति करेगा। थाना प्रभारी, हीरानगर पुलिस ने बताया कि बच्चा पूरी तरह से आध्यात्मिक रील और वीडियो के प्रभाव में था। वह वृंदावन जाने की जिद पर अड़ा था। हमने उसकी काउंसलिंग की है और उसे सुरक्षित परिजनों के सुपुर्द कर दिया है।

#### बैग में मिली तस्वीर और माला

आठवीं कक्षा में पढ़ने वाला यह छात्र बुधवार सुबह स्कूल के लिए निकला था, लेकिन वह स्कूल नहीं पहुंचा। परिजनों को जब इसकी भनक लगी, तो उन्होंने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने जब रेलवे स्टेशन के पास से उसे पकड़ा और उसके बैग की तलाशी ली, तो अधिकारी भी हैरान रह गए। बैग में किताबों की जगह प्रेमानंद महाराज की तस्वीरें, तुलसी की माला और धार्मिक सामग्री मिली।

# प्रदेश में एजेंसियों के बाहर लगी लंबी-लंबी कतारें

● 50 हजार होटल-रेस्टॉरेंट में गैस खत्म होने के कगार पर, इंडक्शन-डीजल भट्टी के रेट दोगुने

अनोखा तीर, भोपाल ।

मध्य प्रदेश में एलपीजी सिलेंडर की ऑनलाइन बुकिंग बंद सी है। सर्वर डाउन है, इसलिए लोग बुकिंग नहीं कर पा रहे हैं। वेटिंग 7 से 8 दिन तक पहुंच गई है। भोपाल, इंदौर, ग्वालियर, जबलपुर समेत प्रदेशभर में गैस एजेंसियों और गोदामों के बाद सुबह से लोगों की भीड़ लगी हुई है। कुछ शहरों से सिलेंडर की कालाबाजारी के आरोप भी लगे हैं। इधर, मार्केट में इंडक्शन और डीजल भट्टी की कीमतें बढ़ी हैं। भोपाल में इंडक्शन की बिक्री 7 गुना तक बढ़ गई है। वहीं, प्रदेश में 50 हजार होटल-रेस्टॉरेंट में गैस खत्म होने के कगार पर है। सतना के 86 लोगों ने सिलेंडर नहीं मिलने की शिकायत सीएम हेल्पलाइन पर की है। उज्जैन में एक प्राइवेट अस्पताल की कैंटीन में डीजल भट्टी से खाना बनाया जा रहा है। भोपाल होटल एसोसिएशन के अध्यक्ष तेजकुल पाल सिंह पाली के मुताबिक, भोपाल के करीब 2 हजार होटल-रेस्टॉरेंट को 4 दिन में एक भी सिलेंडर नहीं मिला। कई होटल्स ऐसे हैं, जहां पर 24 से 48 घंटे तक भी बमुश्किल निकल पाएंगे।



#### गैस उपभोक्ता परेशान, बोले- लाइन में सिर्फ जनता खड़ी है

भोपाल में भी रसोई गैस को लेकर हालात खराब हैं। शहर की गैस एजेंसियों के बाहर उपभोक्ताओं की लंबी कतारें देखने को मिल रही हैं। गैस उपभोक्ता ज्ञानेंद्र तिवारी का कहना है कि सरकार लगातार यह दावा कर रही है कि देश में गैस की कोई कमी नहीं है, लेकिन जमीनी हकीकत कुछ और ही है। उन्होंने कहा कि एजेंसियों के बाहर आम लोग घंटों लाइन में खड़े हैं, जबकि कोई अधिकारी या नेता-मंत्री यहां नजर नहीं आता।

#### कहां क्या हुआ?

- श्योपुर में एसडीएम गगन मीणा ने माइक पर लोगों को समझाइश दी। भीड़ संभालने के लिए पुलिस तैनात।
- इंदौर में एजेंसी वाले बुकिंग के लिए नया नंबर दे रहे, एप डाउनलोड करवा रहे। रात में बुकिंग करने का कह रहे हैं।
- बालाघाट के वारासिवनी में खाद्य विभाग की टीम ने चौपाटी वालों से 13 घरेलू गैस सिलेंडर जब्त किए।
- डिंडौरी की महिला कर्मचारी ने बताया, सुबह से लाइन में खड़ी हैं। घर में 2 दिन से खाना नहीं बना है।
- भोपाल में उपभोक्ताओं ने बताया, गैस एजेंसी के अफसरों और कर्मचारियों के मोबाइल नंबर बंद हैं। कई प्रयासों के बावजूद ऑनलाइन बुकिंग नहीं हो रही है, इसलिए लोग सीधे एजेंसी पहुंच रहे हैं।
- बालाघाट के कैटरर्स का कहना है कि सिलेंडर नहीं मिल रहे। ऐसे में शादियों की बुकिंग रद्द करनी होगी।
- नरसिंहपुर में गैस एजेंसियों में लंबी कतारें लगी हुई थी।
- बालाघाट में गैस संकट, अपर कलेक्टर बोले- डीजल भट्टी का प्रयोग करें।
- दमोह में इंडक्शन की मांग में भारी उछाल।

## भिंड में गैस सिलेंडरों से भरी गाड़ी लूटने की कोशिश, गैस एजेंसियों में दहशत, सप्लाई ठप



**भिंड (एजेंसी)।** दुनिया के एक हिस्से में बढ़ रहे युद्ध के बादलों ने चंबल के भिंड जिले में रसोई गैस का संकट पैदा कर दिया है। जिले की गैस एजेंसियों में इस समय दहशत और अनिश्चितता का माहौल है। आलम यह है कि नया स्टॉक न आने के कारण कई संचालकों ने कमर्शियल सप्लाई पूरी तरह बंद कर दी है, वहीं घरेलू उपभोक्ताओं को अब सिलेंडर के लिए करीब एक महीने का इंतजार करना पड़ रहा है।

**हाईवे पर सिलेंडर लूटने की कोशिश**- सप्लाई की कमी ने असामाजिक तत्वों को सक्रिय कर दिया है। बीते 10 मार्च को मालनपुर और गोहद के बीच बालाजी को लूटने का प्रयास किया गया। इस सनसनीखेज वारदात के बाद साई गैस एजेंसी समेत अन्य संचालकों ने डर के मारे सिलेंडरों से भरी गाड़ियों को गोदामों में ही खड़ा कर दिया है। वितरण ठप होने से आम जनता का गुस्सा कर्मचारियों पर फूट रहा है। एजेंसी संचालक ने कहा युद्ध के हालातों के बीच सप्लाई चेन प्रभावित हुई है। ऊपर से सिलेंडरों की सुरक्षा अब बड़ी चुनौती बन गई है। हमने प्रशासन से सुरक्षा की मांग की है ताकि कर्मचारियों और उपभोक्ताओं की सुरक्षा सुनिश्चित हो सके।

## घरेलू गैस की किल्लत : चौराहे पर जलाया चूल्हा, सिलेंडर को माला पहनाकर श्रद्धांजलि, कांग्रेस का जोरदार प्रदर्शन




**शाजापुर (एजेंसी)।** घरेलू गैस की किल्लत को लेकर अब एमपी में धरना-प्रदर्शन और विरोध का दौर शुरू हो गया है। प्रदेश के शुजालपुर में घरेलू गैस सिलेंडर की डिलेवरी में 8 दिन तक की वेटिंग और कामर्शियल सिलेंडर की सप्लाई बंद होने के विरोध में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने प्रदर्शन किया। पुलिस चौकी चौराहा पर चूल्हा जलाकर गैस सिलेंडर को माला पहनाई और केंद्र सरकार के खिलाफ नारेबाजी की। प्रदर्शन के दौरान कार्यकर्ताओं ने नाम नरेन्द्र, काम सरेंडर के नारे लगाए। कांग्रेस ने आरोप लगाया कि नोटबंदी से लेकर अब गैस सिलेंडर तक आम जनता को कतारों में खड़ा कर परेशान किया जा रहा है। युवा कांग्रेस जिला उपाध्यक्ष चिराग परमार ने कहा कि शहर में होटल और रेस्टोरेंट पर तवा रोटी मिलना बंद हो गई है।

टिफिन सेंटर को भी सिलेंडर डिलेवरी नहीं मिलने से घर से दूर रहकर नौकरी करने वाले लोगों को भोजन नहीं मिल पा रहा है।

### ट्रैक्टर और बाइक की भिड़ंत

# दो स्कूली छात्रों की मौत

**सागर (एजेंसी)।** सागर के रहली थाना क्षेत्र के ग्राम पिपरगौर-खिरिया रोड़ पर तेज रफ्तार ट्रैक्टर और बाइक की भिड़ंत हो गई। दुर्घटना में बाइक ट्रैक्टर के नीचे फंस गई। घटना में बाइक पर सवार दो स्कूली बच्चों की मौत हो गई। वहीं बाइक चला रहे पिपरगौर के सरपंच और उनका बड़ा बेटा गंभीर घायल हुआ है। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। घायलों को अस्पताल पहुंचाया गया। शवों का पंचनामा बनाकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। पुलिस ने ट्रैक्टर-ट्राली को जब्त किया है।



#### परिवार का इकलौता बेटा था शिवाय

दुर्घटना में मृत हुआ छात्र शिवाय अपने परिवार का इकलौता बेटा था। उसके पिता की मौत करीब 5 साल पहले हो चुकी थी। बेटे की मौत के बाद परिवार में मातम का माहौल है।

घायल अभिजीत कक्षा 9वीं की पढ़ाई कर रहा है। वहीं मृत विश्वजीत कक्षा 7वीं और शिवाय कक्षा चौथीं की पढ़ाई कर रहा था। मामले में पुलिस ने शवों का पंचनामा बनाकर पोस्टमार्ट्म कराया है। मामला दर्ज कर ट्रैक्टर-ट्राली को जब्त किया गया है। ड्राइवर मौके से भाग गया। जिसकी तलाश की जा रही है।

### जयपुर मंडल में ट्रैक मेंटेनेंस के कारण कई ट्रेनें प्रभावित

**अनोखा तीर, भोपाल ।** उत्तर पश्चिम रेलवे के जयपुर मंडल के कनकपुरा स्टेशन यार्ड में प्रस्तावित ट्रैक मेंटेनेंस काम के कारण भोपाल मंडल से संचालित और यहां से गुजरने वाली कई ट्रेनें मई महीने में प्रभावित रहेंगी।

रेलवे प्रशासन के अनुसार इस काम के चलते कुछ ट्रेनों को निरस्त किया गया है, जबकि कुछ रेल सेवाओं का संचालन सीमित स्टेशनों तक ही किया जाएगा।

**भोपाल-जोधपुर एक्सप्रेस की 7-7 ट्रिप निरस्त**- गाड़ी संख्या 14814 भोपाल-जोधपुर एक्सप्रेस भोपाल से 3, 4, 5, 8, 12, 13 और 14 मई 2026 को कुल 7 ट्रिप निरस्त रहेगी।

# प्रदेश में मार्च में ही 'हीट अटैक'

### 10 शहरों में पारा 38 डिग्री तो नर्मदापुरम में 40 डिग्री के पार; दो दिन बाद बारिश-आंधी का अलर्ट

अनोखा तीर, भोपाल ।

मार्च के दूसरे हफ्ते में ही मध्य प्रदेश में गर्मी तीखे तेवर दिखा रही है। गुरुवार को सीजन में पहली बार नर्मदापुरम, रतलाम और धार में गर्म हवाएं चलीं। शुक्रवार को भी यही स्थिति थी। वहीं 10 शहरों में पारा 38 डिग्री के पार पहुंच गया। नर्मदापुरम में 40.2 डिग्री रहा। 15 और 16 मार्च को प्रदेश में बारिश, बादल और गरज-चमक वाला मौसम रह सकता है।

मौसम विभाग ने 14 मार्च को एक्टिव होने वाले वेस्टर्न डिस्टरबेंस (पश्चिमी विक्षोभ) की वजह से दो दिन तक अलर्ट जारी किया है।



15 मार्च को प्रदेश में असर दिखाई देगा। इस दिन ग्वालियर-जबलपुर समेत 16 जिलों में बारिश हो सकती है। वहीं, 16 मार्च को पूर्वी हिस्से के 14 जिलों में भी मौसम बदला रहेगा। इससे पहले पूरे प्रदेश में तेज गर्मी का असर रहेगा। बुधवार को तीन जिलों में लू चलने के साथ पारे में भी खासी बढ़ोतरी देखने को मिली। धार, नर्मदापुरम और रतलाम में पारा आम दिनों की तुलना में ज्यादा रहा। यहां पर गर्म हवाएं भी चलीं। भोपाल, इंदौर, उज्जैन, ग्वालियर में भी पारा बढ़ा हुआ रहा। मौसम विभाग के अनुसार, नर्मदापुरम सबसे गर्म रहा। रतलाम में 39.5 डिग्री, खजुराहो में 39 डिग्री, धार में 38.8 डिग्री, दमोह-टीकमगढ़ में 38.5 डिग्री, खंडवा में 38.1 डिग्री, मंडला, श्योपुर-खरगोन में पारा 38 डिग्री दर्ज किया गया।

प्रदेश के 5 बड़े शहरों की बात करें तो इंदौर में सबसे ज्यादा 37.8 डिग्री, उज्जैन में 37.5 डिग्री, ग्वालियर में 37.2 डिग्री, भोपाल में 37 डिग्री और जबलपुर में 36.9 डिग्री सेल्सियस रहा।

## सार-समाचार

## बिजली चोरी की 10 लाख तक की राशि के लंबित प्रकरणों के होंगे समझौते

**अनोखा तीर, हरदा।** म.प्र. मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के कार्य क्षेत्र के भोपाल, नर्मदापुरम्, ग्वालियर एवं चंबल संभाग के 16 जिलों में 14 मार्च शनिवार को नेशनल लोक अदालत में बिजली चोरी एवं अन्य अनियमितताओं के प्रकरण को समझौते के माध्यम से निराकृत किया जाएगा। कंपनी द्वारा विद्युत अधिनियम 2003 धारा 135 के तहत विद्युत चोरी के लंबित प्रकरणों एवं विशेष न्यायालयों में विचाराधीन प्रकरणों के निराकरण के लिए विद्युत उपभोक्ताओं एवं उपयोगकर्ताओं से अपील की गई है कि वे अप्रिय कानूनी कार्यवाही से बचने के लिए अदालत में समझौता करने के लिए संबंधित बिजली कार्यालय से संपर्क करें। मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी द्वारा यह निर्णय लिया गया है कि धारा 135 के तहत विद्युत चोरी के बनाए गए लंबित प्रकरण एवं अदालत में लंबित प्रकरणों का निराकरण के लिये निम्नदाब श्रेणी के समस्त घरेलू, समस्त कृषि, 5 किलोवॉट तक के गैर घरेलू एवं 10 अश्व शक्ति भार तक के औद्योगिक उपभोक्ताओं को प्रकरणों में ही छूट दी जाएगी।

प्रि-लिटिगेशन स्तर पर : कंपनी द्वारा आंकलित सिविल दायित्व की राशि पर 30 प्रतिशत एवं आंकलित राशि के भुगतान में चूक किए जाने पर निर्धारण आदेश जारी होने की तिथि से 30 दिवस की अवधि समाप्त होने के पश्चात् प्रत्येक छ: माही चक्रवृद्धि दर अनुसार 16 प्रतिशत प्रतिवर्ष की दर से लगने वाले ब्याज की राशि पर 100 प्रतिशत की छूट दी जाएगी।

लिटिगेशन स्तर पर : कंपनी द्वारा आंकलित सिविल दायित्व की राशि पर 20 प्रतिशत एवं आंकलित राशि के भुगतान में चूक किए जाने पर निर्धारण आदेश जारी होने की तिथि से 30 दिवस की अवधि समाप्त होने के पश्चात् प्रत्येक छ: माही चक्रवृद्धि दर अनुसार 16 प्रतिशत प्रतिवर्ष की दर से लगने वाले ब्याज की राशि पर 100 प्रतिशत छूट दी जाएगी। कंपनी ने कहा है कि नेशनल लोक अदालत में छूट कुछ नियम एवं शर्तों के तहत दी जाएगी जो आंकलित सिविल दायित्व राशि १० लाख रूपये तक के प्रकरणों के लिए सीमित रहेगी। यह छूट मात्र नेशनल 'लोक अदालत' 14 मार्च को समझौते करने के लिए ही लागू रहेगी।

## बिजली बिल वसूली के लिए राजस्व विभाग ने जारी किए नोटिस

**अनोखा तीर, मसनगांव।** विद्युत वितरण कंपनी के द्वारा बकायदार उपभोक्ताओं से वसूली के लिए राजस्व विभाग के माध्यम से वसूली अभियान चलाया गया। राजस्व विभाग के तहसीलदार के द्वारा नोटिस जारी कर उपभोक्ताओं को 14 मार्च तक राशि जमा करने के निर्देश दिए गए हैं। तहसील कार्यालय से जारी किए गए नोटिस में बताया गया है कि जिन उपभोक्ताओं के ऊपर1000 से अधिक की राशि बकाया है उन्हें भी 14 मार्च तक राशि जमा करनी होगी। लाइनमैन सुनील कडोले ने बताया कि विद्युत बिल सामाधन योजना के अंतर्गत 231 बकायादार उपभोक्ताओं को नोटिस देकर बकाया राशि जमा करने के लिए कहा जा रहा है।

### गांव के उपभोक्ताओं को नोटिस

विद्युत वितरण कंपनी के द्वारा राजस्व विभाग के माध्यम से जितने नोटिस दिये गए हैं, वह केवल मसनगांव में आने वाले उपभोक्ताओं को दिए गए हैं। जबकि अन्य बकादारो को नोटिस नहीं दिये है। ग्रामीण उपभोक्ताओं नारायण देवासिया ने बताया कि जिन पर लाखों रुपए की राशि बकाया है वहां पर विद्युत वितरण कंपनी के द्वारा कोई कार्रवाई नहीं की जा रही, जबकि ग्राम के कुछ उपभोक्ताओं के ऊपर थोड़ी बहुत राशि बकाया होने पर भी तहसील कार्यालय नोटिस जारी कर कुर्की संबंधी कार्रवाई के लिए लिखा गया है। इस संबंध में जिम्मेदारों से जानकारी लेना चाहिए, परंतु डीसी के जेई संदीप पटेल एवं एई अंकित पटेल द्वारा फोन काल रिसीव नहीं की गई।

## प्रदेश भाजपा अध्यक्ष की पुत्री के निधन पर नर्मदापुरम भाजपा में शोक

### - जिलाध्यक्ष ने दी श्रद्धांजलि

**अनोखा तीर, नर्मदापुरम।** भारतीय जनता पार्टी मध्यप्रदेश के प्रदेश अध्यक्ष एवं बैतूल विधायक हेमंत खंडेलवाल की सुपुत्री स्व. सुरभि खंडेलवाल के असामयिक निधन से भाजपा परिवार में गहरा शोक व्याप्त है। इस दुखद समाचार पर भारतीय जनता पार्टी नर्मदापुरम की जिलाध्यक्ष प्रीति शुक्ला ने गहरी संवेदना व्यक्त करते हुए दिवंगत आत्मा को श्रद्धांजलि अर्पित की। जिलाध्यक्ष प्रीति शुक्ला शोक संतप्त परिवार से मिलने श्री खंडेलवाल के निवास पर पहुंचीं और उनसे तथा उनके परिजनों से भेंट कर अपनी



संवेदनाएं व्यक्त कीं। इस दौरान उन्होंने कहा कि किसी भी माता-पिता के लिए अपनी संतान को खो देना जीवन का सबसे बड़ा और असहनीय दुख होता है। यह दुखद घटना न केवल खंडेलवाल परिवार बल्कि पूरे भाजपा परिवार के लिए अत्यंत पीड़ादायक है। उन्होंने कहा कि स्वर्गीय सुरभि खंडेलवाल का असमय निधन समाज और परिवार के लिए अपूरणीय क्षति है। इस कठिन समय में पूरा भाजपा परिवार हेमंत खंडेलवाल और उनके परिजनों के साथ खड़ा है तथा उनके दु:ख में सहभागी है। शुक्ला ने ईश्वर से प्रार्थना करते हुए दिवंगत आत्मा की शांति तथा शोकाकुल परिवार को इस दुख को सहन करने की शक्ति प्रदान करने की कामना की। उन्होंने कहा कि पूरे प्रदेश के भाजपा कार्यकर्ता दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना कर रहे हैं। इस अवसर पर जिला महामंत्री मुकेश चंद्र मैना, जिला उपाध्यक्ष सुरेश पटेल, नगरपालिका अध्यक्ष नीतू महेंद्र यादव, जिला मंत्री रीता ठाकुर, जितेन्द्र चौहान, जिला कार्यालय मंत्री प्रशांत दीक्षित, सह कार्यालय मंत्री वंदना दुबे, जिला मीडिया प्रभारी अमित माहला, मंडल अध्यक्ष गोकुल पटेल, सुशील बरखड़े, मंडल महामंत्री अजय साहू, पार्षद प्रेमा पांडे, अमित पटेल, गौरव मालवीय सहित भाजपा के कई पदाधिकारी और जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

## भोपाल जल अभावग्रस्त घोषित, प्राइवेट ट्यूबवेल खनन पर रोक

**अनोखा तीर, भोपाल।** भोपाल जिले को जल अभावग्रस्त घोषित कर दिया गया है। इसके साथ ही पूरे जिले में निजी ट्यूबवेल और बोरवेल खनन पर तत्काल प्रभाव से रोक लगा दी गई है। यह आदेश कलेक्टर कौशलेंद्र विक्रमसिंह ने शुक्रवार को जारी किए, जो तुरंत लागू हो गए हैं। आदेश के उल्लंघन पर एफआईआर दर्ज होने के साथ दो साल तक की सजा का प्रावधान है। कलेक्टर के आदेश के मुताबिक जिले में अब बिना अनुमति ट्यूबवेल या नलकूप खनन नहीं किया जा सकेगा। यदि कोई व्यक्ति अवैध रूप से बोरिंग कराता है या मशीन जिले में प्रवेश करती है, तो संबंधित एसडीएम और पुलिस अधिकारी मशीन जब्त कर एफआईआर दर्ज करवा सकेंगे।

### 'चिड़िया पानी अभियान' का शुभारंभ

# रासेयो के स्वयंसेवको ने पक्षियों के लिए लगाए पानी के सकोरे






**अनोखा तीर, टिमरनी।**

भाऊ साहेब भुस्कुटे शासकीय महाविद्यालय, टिमरनी में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के तत्वावधान में 13 मार्च को महाविद्यालय परिसर में 'चिड़िया पानी अभियान' का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ डॉ. दीपक मालाकार द्वारा किया गया। इस अवसर पर भीषण गर्मी के मौसम को ध्यान में रखते हुए पक्षियों के लिए महाविद्यालय परिसर के विभिन्न स्थानों पर मिट्टी के पानी के सकोरे लगाए गए, ताकि पक्षियों को सहज रूप से पेयजल उपलब्ध हो सके। कार्यक्रम में राष्ट्रीय सेवा योजना जिला संगठन डॉ. अरुण सिकरवार, महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. जे. के. जैन सहित महाविद्यालय के समस्त प्राध्यापकगण, स्टाफ एवं राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवक विद्यार्थी उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंतर्गत स्वयंसेवकों ने महाविद्यालय परिसर के विभिन्न स्थानों पर सकोरे स्थापित कर उनमें पानी भरने की जिम्मेदारी भी ली, ताकि नियमित रूप से पक्षियों के लिए पानी उपलब्ध कराया जा सके। यह अभियान राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी डॉ. सुनीत काशिव एवं श्रीमती नीता गौर के प्रयासों से संपन्न हुआ। कार्यक्रम में उपस्थित सभी प्राध्यापकगण एवं विद्यार्थियों ने इस पर्यावरण संरक्षण एवं जीव दया से जुड़े सराहनीय प्रयास की प्रशंसा करते हुए इसमें सक्रिय सहभागिता निभाई। अंत में सभी ने संकल्प लिया कि गर्मी के मौसम में पक्षियों के लिए जल की व्यवस्था करना हम सभी का नैतिक दायित्व है और इस प्रकार के अभियान निरंतर जारी रहेंगे।

# स्टेट हाईवे पर सड़क किनारे उगी झाड़ियों की नहीं हुई छंटाई

### -साईड सोल्डर भी हुए नीचे

**अनोखा तीर, मसनगांव।**

स्टेट हाईवे की सड़क का नियमित रखरखाव नहीं होने से जहां सड़क पर गड्ढे बनने लगे हैं, वहीं सड़क के दोनों ओर साईड सोल्डर के किनारों पर उगी झाड़ियां सड़क को संकरा कर रही हैं। सड़क निर्माण विभाग द्वारा सामान्यतः हर साल बारिश के बाद झाड़ियों को हटाने का कार्य किया जाता है, लेकिन इस वर्ष झाड़ियों की छंटाई नहीं होने से वे सड़क तक पहुंच गई हैं। साथ ही साईड सोल्डर पर मुरम डालकर उसे समतल करने का कार्य भी नहीं किया जा रहा है, जिससे वाहन चालकों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। नर्मदापुरम से लेकर खंडवा तक बने स्टेट हाईवे के किनारों पर बारिश के दौरान उगी झाड़ियों को हटाने का कार्य बारिश के बाद शुरू नहीं किया गया। इसके कारण झाड़ियां बड़ी होकर साइड पट्टी तक फैल गई हैं। कई स्थानों पर तो झाड़ियों के कारण साइड पट्टी लगभग पूरी तरह ढक गई है।



**साइड पट्टी तक उगी झाड़ियों से संकरी पड़ने लगी सड़क** - स्टेट हाईवे के दोनों ओर जंगली झाड़ियां उग आने से साइड पट्टी की चौड़ाई कम हो गई है। इससे सड़क पर चलने वाले वाहन चालकों को साइड देने में परेशानी हो रही है। सड़क और साइट पट्टी दोनों ही संकरी पड़ने लगी हैं, जिसके कारण बड़े वाहनों को साइड देने में दिक्कत हो रही है। वहीं दोपहिया वाहन चालक बड़े वाहनों को साइड देने के दौरान नीचे साइट पट्टी पर उतरते हैं तो कंटीली झाड़ियों के कारण चोटिल हो रहे हैं। हरदा से लेकर छीपाबड़ तक सड़कों के किनारों की स्थिति अधिक खराब बनी हुई है। पिछले वर्ष साइड सोल्डर लेवल करने वाली मशीन से झाड़ियों को हटाया गया था, लेकिन इस वर्ष झाड़ियों को हटाने के लिए मजदूरों की बजाय समतल करने वाली मशीन का उपयोग किया जा रहा है। इससे झाड़ियां पूरी तरह नहीं हट पा रही हैं और कुछ ही समय में फिर से खड़ी हो जा रही हैं, जो वाहन चालकों के लिए मुसीबत बनी हुई हैं।

### नए साल में नई सड़क बनने की आस

तीन जिलों को जोड़ने वाली लगभग 200 किलोमीटर लंबी यह स्टेट हाईवे सड़क करीब 22 साल पुरानी है। जब यह सड़क बनी थी तब वाहनों की संख्या कम थी, लेकिन कोरोना काल के बाद वाहनों की संख्या में तेजी से वृद्धि हुई है, जिससे सड़क की चौड़ाई अब कम पड़ने लगी है। रेलवे गेट खुलने के बाद ट्रैफिक का दबाव बढ़ने पर कई वाहन चालक जल्द निकलने की कोशिश में ओवरटेक करते हैं।

# ईरान के समर्थन में सामने आया मुस्लिम समाज

### खामेनेई को श्रद्धांजलि देने काली पट्टी बांधकर पढ़ेंगे ईद की नमाज

**अनोखा तीर, भोपाल।**

अंतरराष्ट्रीय घटनाक्रम को लेकर शहर में मुस्लिम समाज के बीच नाराजगी देखने को मिल रही है। जुमे की नमाज के बाद मुस्लिम संगठनों ने ईरान के समर्थन और इज़राइल के विरोध में आवाज उठाते हुए इस बार ईद सादगी से मनाने की अपील की है। समाज के प्रतिनिधियों ने कहा कि मौजूदा हालात में खुशी के दिखावे से बचते हुए लोगों को सादगी के साथ त्योहार मनाना चाहिए। ऑल इंडिया मुस्लिम त्योहार कमेटी से जुड़े पदाधिकारियों के अनुसार ईरान के सर्वोच्च धर्मगुरु अयातुल्लाह खामेनेई की मौत को लेकर समाज में गहरा आक्रोश है। उनके सम्मान में ईद की नमाज के दौरान लोगों से बाजू पर काली पट्टी बांधकर श्रद्धांजलि देने की अपील की गई है।

जुमे की नमाज के बाद समाज के प्रतिनिधियों ने कहा कि दुनिया के कई हिस्सों में अस्थिरता का माहौल बना हुआ है। उनका आरोप है कि अमेरिका और इज़राइल की नीतियों के कारण कई देशों में संघर्ष की स्थिति बनी है। इसी के विरोध में समाज के लोगों से ईद के दिन सादगी से त्योहार मनाने का आग्रह किया गया है।

ऑल इंडिया मुस्लिम त्योहार कमेटी के संरक्षक शमशुल हसन ने कहा कि दुनिया के कई हिस्सों में मासूम लोगों की मौत हुई है, इसलिए इस बार ईद को बेहद सादगी से मनाना चाहिए।

उन्होंने कहा कि ईद की नमाज के लिए जाते समय लोग अपने हाथ पर काली पट्टी बांधकर जाएं। उनके अनुसार यह अयातुल्लाह खामेनेई को सच्ची श्रद्धांजलि होगी और शांति व इंसाफ की मांग का प्रतीक भी बनेगा।

कमेटी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अनस खान ने कहा कि संवैधानिक तरीके से विरोध दर्ज कराना हर नागरिक का अधिकार है। उन्होंने कहा कि दुनिया में राजनीतिक आतंकवाद का एक नया स्वरूप सामने आया है, जिसमें शक्तिशाली देश अपने हितों के लिए कमजोर देशों पर दबाव बनाते हैं।

## मध्य रात्रि में पुलिस अधीक्षक ने किया औचक निरीक्षण, अस्त-व्यस्त मिले कर्मचारियों को लगाई फटकार

**अनोखा तीर, हरदा।** जिले में पुलिस व्यवस्था को सुदृढ़ एवं अनुशासित बनाए रखने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक श्री शशांक द्वारा मध्य रात्रि में जिले के विभिन्न थानों का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान थाना परिसर, ड्यूटी रजिस्टर, मालखाना, हवालात तथा रात्रि ड्यूटी पर तैनात पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों की उपस्थिति और कार्यप्रणाली की जांच की गई। निरीक्षण के दौरान थाना कोतवाली के कर्मचारी अस्त-व्यस्त स्थिति में पाए गए, जिस पर पुलिस अधीक्षक द्वारा नाराजगी व्यक्त करते हुए संबंधित कर्मचारियों को कड़ी फटकार लगाई गई तथा भविष्य में ड्यूटी के दौरान पूर्ण अनुशासन एवं सतर्कता बरतने के सख्त निर्देश दिए गए। पुलिस अधीक्षक श्री शशांक ने रात्री में थाना कोतवाली, सिविल लाईन, टिमरनी, हंडिया का निरीक्षण किया एवं अधिकारीयों को निर्देशित किया कि रात्रि गश्त नियमित रूप से की जाए, थाना परिसर की साफ-सफाई एवं अभिलेखों का संधारण व्यवस्थित रखा जाए तथा आमजन से संबंधित शिकायतों का त्वरित एवं निष्पक्ष निराकरण सुनिश्चित किया जाए। साथ ही उन्होंने सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को चेतावनी दी कि ड्यूटी में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी और नियमों का पालन सख्ती से किया जाए।






# ग्वालियर के तिघरा ट्रेनिंग सेंटर से राजस्थान पुलिस के 36 जवान भेजे गए वापस

**ग्वालियर (एजेंसी)।** मध्यप्रदेश के ग्वालियर में प्रशिक्षण ले रहे राजस्थान पुलिस के 36 प्रशिक्षुओं को वापस भेज दिया गया है। सभी ने कथित तौर पर एआई का इस्तेमाल कर तस्वीरें बनाने और उन्हें सोशल मीडिया पर प्रसारित कर खराब खाना परोसे जाने का आरोप लगाया था। इसके बाद इन्हें ट्रेनिंग सेंटर से वापस भेज दिया गया है।



**ट्रेनिंग सेंटर को बदनाम किया**- एमपी के एडीजी राजा बाबू सिंह ने कहा कि जांच में पता चला कि शरारती रंगरूट एआई-जनित तस्वीरों का उपयोग करके तिघरा स्थित पुलिस प्रशिक्षण केंद्र (पीटीसी) को बदनाम करने के लिए अभियान चला रहे थे। सिंह ने बताया कि उन्होंने कथित तौर पर एआई की मदद से तस्वीरें बनाई थीं, जिसमें प्रशिक्षण केंद्र में परोसा गया कथित बासी भोजन दिखाया गया था।

### एआई वीडियो बनाकर कर रहे थे बदनाम

**36 जवान अनुशासनहीनता में सही पाए गए**- उन्होंने कहा कि 36 जवान ने अपनी नापाक, शरारती और घोर अनुशासनहीनता के साथ कथित तौर पर प्रशिक्षण केन्द्र के लिए समस्याएं पैदा कीं। इन जवानों में से ज्यादातर राजस्थान पुलिस की दूरसंचार शाखा से संबद्ध हैं। अधिकारी ने बताया कि पीटीसी ने नौ महीने के कांस्टेबल प्रशिक्षण पाठ्यक्रम के लिए आए रंगरूटों को राजस्थान पुलिस निरीक्षक सतवीर यादव को सौंप दिया, जो उनलोगों को गुरुवार को उनके राज्य वापस ले गए।

### राजस्थान के 1005 रंगरूटों को दे रहे थे प्रशिक्षण

सिंह ने कहा कि राजस्थान के डीजीपी के अनुरोध के बाद, 1,005 रंगरूटों को प्रशिक्षण केंद्र में भर्ती किया गया था और अब उनमें से 36 को वापस भेज दिया गया है। अधिकारियों के अनुसार, राजस्थान पुलिस ने भर्ती किए गए कर्मियों से अधिक लोगों के लिए भोजन तैयार करने में पीटीसी की सहायता के लिए केवल दो रसोइयों को तैनात किया था और उनकी निगरानी के लिए स्थायी रूप से कोई अधिकारी भी तैनात नहीं किया था। उन्होंने बताया कि भर्ती किए गए लोग प्रशिक्षण केंद्र में मशीन से बने व्यंजनों के बजाय गट्टे की सब्जी, केर-संगरी और भट्टी की रोटियां सहित पारंपरिक राजस्थानी व्यंजनों की मांग कर रहे थे।


# डंपर ने मासूम को कुचला... मां ने हाथ से समेटे टुकड़े

### स्कूल की दीवार पर छिटके खून के छींटे; परिवार ने सड़क पर लगे ब्लड को धोया

**मंडला (एजेंसी)।** मध्य प्रदेश के मंडला जिले में शुक्रवार को तेज रफ्तार डंपर ने ढाई साल की बच्ची को कुचल दिया। हादसा इतना भयंकर था कि बच्ची के खून के छींटे स्कूल की दीवार पर पड़े हैं। बच्ची की डेडबॉडी सड़क पर चिपक गई थी। मां और परिजन ने टुकड़ों को हाथों से समेटकर पॉलीथीन में डाला। मामला कोतवाली थाना क्षेत्र का है।

जानकारी के मुताबिक मृत बच्ची की पहचान आकृति यादव के रूप में हुई है, जो ग्राम बम्होरी की रहने वाली थी। वह आंगनवाड़ी से लौट रही थी, तभी हादसे का शिकार हो गई। हादसे के बाद ग्रामीणों ने चक्काजाम कर दिया है। पुलिस ने आरोपी ड्राइवर को अरेस्ट कर लिया है। स्थानीय लोगों ने बताया कि करीब एक बजे आंगनवाड़ी सहायिका श्रृष्टि यादव बच्चों को केंद्र से छोड़कर घर की ओर जा रही थीं। उनके साथ गोद में एक छोटा बच्चा था, जबकि ढाई वर्षीय आकृति उनका हाथ पकड़कर पैदल चल रही थी। इसी दौरान तेज रफ्तार डंपर ने बच्ची को अपनी चपेट में ले लिया। वीडियो में दिख रहा है कि बच्ची की डेडबॉडी सड़क किनारे पड़ी है। सड़क पर लोगों की भीड़ है। मां और अन्य परिजन मौके पर हैं। मां चीख-चीखकर रो रही है। वहीं परिजन सड़क पर बच्ची के खून को पानी से धुलते नजर आ रहे थे।

**7 किमी पीछा कर टोल प्लाजा पर पकड़ा डंपर**- हादसे के बाद चालक वाहन लेकर मौके से फरार हो गया। इसके बाद ग्रामीणों ने बाइक, ट्रैक्टर और अन्य वाहनों से डंपर का पीछा किया। करीब 7 किलोमीटर दूर तिंदनी टोल प्लाजा के पास डंपर को पकड़ लिया गया।



अनोखा तीर 3

# हरदा नगर

हरदा, शनिवार 14 मार्च 2026


## हरदा में जन्मे गणमान्य करेंगे अपने पूर्वजों की स्मृति में महिला सम्मान

**अनोखा तीर, हरदा।** राष्ट्रभाषा प्रचार समिति हरदा जिला इकाई के तत्वावधान में हरदा में जन्मे गणमान्य अपने पूर्वजों की स्मृति में इस वर्ष से एक अनूठी पहल कर रहे हैं। गार्गव परिवार अपनी दादी गांधीवादी समाजसेवी स्व. गोदावरी बाई गार्गव की स्मृति में तथा भारतीय स्टेट बैंक के पूर्व महाप्रबंधक आज़ाद जैन अपनी पूज्य माता स्व. सुशीला जैन (पूर्व प्राचार्य) की स्मृति में इस वर्ष से समाज सेवा के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य करने वाली महिलाओं को प्रतिवर्ष सम्मानित करेंगे। समिति और कार्यक्रम के संयोजक ज्ञानेश चौबे ने बताया कि यह अभिनव पहल दोनों परिवारों की ओर से समाज सेवा के क्षेत्र में निरंतर उल्लेखनीय कार्य करने वाली महिलाओं को सम्मानित करने के उद्देश्य से शुरू की जा रही है। इस वर्ष यह सम्मान श्रीमती उषा गोयल तथा आदिवासी क्षेत्र राजाबरारी में सेवारत डॉ. अकेल्ला सावित्री रागिनी को प्रदान किया जाएगा। कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष रानी जैन करेंगी। मुख्य अतिथि के रूप में समाजसेवी श्रीमती आभा अग्रवाल और सहायक जेल अधीक्षक मनीषा यादव उपस्थित रहेंगी। 15 मार्च को दोपहर 2 बजे बाहेती कॉलोनी स्थित किसान भवन में आयोजित कार्यक्रम में सम्मानित महिलाओं को शाल, श्रीफल और स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया जाएगा।

## सार-समाचार

### विधिक साक्षरता एवं जागरुकता शिविर संपन्न

**अनोखा तीर, हरदा।** म.प्र. राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जबलपुर के निर्देशन एवं प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश व अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, हरदा श्री अरविंद रघुवंशी के मार्गदर्शन में शुक्रवार को ''महिला सशक्तिकरण अभियान के तहत शासकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज हरदा में विधिक साक्षरता एवं जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में उपस्थित न्यायाधीश व सचिव श्री चन्द्रशेखर राठौर ने अभियान तहत शिविर में उपस्थित महिलाओं एवं छात्राओं बताया कि महिला सशक्तिकरण अभियान का उद्देश्य महिलाओं को सामाजिक, आर्थिक और शैक्षिक रूप से आत्मनिर्भर बनाना है, ताकि वे अपने फैसले खुद ले सकें और पुरुषों के बराबर अधिकार पा सकें। सरकार द्वारा बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ, उज्वला योजना, और लाड़ली बहना जैसी योजनाओं के माध्यम से शिक्षा, सुरक्षा, और कौशल विकास (जैसे ड्रोन दीदी) को बढ़ावा दिया जा रहा है। बेटी



बचाओ बेटी पढ़ाओ के माध्यम से लड़कियों को शिक्षित करना और कन्या भ्रूण हत्या को रोकना, मुख्यमंत्री महिला सशक्तिकरण योजना और ड्रोन दीदी योजना के माध्यम से 15 हजार ड्रोन पायलटों को प्रशिक्षण के जरिए स्वरोजगार को बढ़ावा इत्यादि विभिन्न शासकीय योजनाओं की जानकारी प्रदान की गई। साथ ही नालसा/सालसा की चल रही विभिन्न विधिक सहायता योजनाओं यौन उत्पीड़न/अन्य अपराधों की महिला पीड़ितों/उत्तरजीवियों के लिए मुआवजा योजना 2018, मानव तस्करी और व्यावसायिक यौन शोषण के पीड़ितों के लिए कानूनी सेवाएं योजना, राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण एसिड हमलों के पीड़ितों के लिए विधिक सेवा योजना, 2016 तथा विभिन्न अधिनियमों लैंगिक अपराधों से बालकों का संरक्षण अधिनियम, 2012, कार्यस्थल पर महिलाओं के यौन उत्पीड़न रोकथाम, निषेध और निवारण अधिनियम 2013 के बारे में जानकारी प्रदान की, जिससे की महिलाएं अपने अधिकारों एवं कानूनों के प्रति जागरूक बन सके। जिला विधिक सहायता अधिकारी सौरभ दुबे ने शिविर में उपस्थित महिलाओं एवं छात्राओं को अभियान महत्व के बारे में बताया। साथ ही उन्होने महिलाओं के लिए भारतीय संविधान में मौलिक अधिकारों और कर्तव्यों के बारे में बताया जो नागरिकों के अधिकारों और जिम्मेदारियों को परिभाषित करते हैं। मौलिक अधिकार, जैसे समानता का अधिकार, स्वतंत्रता का अधिकार, शोषण के विरुद्ध अधिकार आदि व्यक्ति के विकास के लिए आवश्यक हैं। वहीं, मौलिक कर्तव्य जैसे संविधान का पालन करना, राष्ट्रीय ध्वज और राष्ट्रगान का सम्मान करना, देश की रक्षा करना, नागरिकों के सामाजिक और राष्ट्रीय दायित्व हैं। उनके द्वारा महिलाओं को जागरूक किया गया कि वे किस प्रकार विधिक सहायता प्राप्त कर सकती है।

### पीलियाखाल रेलवे पुलिया के नीचे पानी निकासी कर आवागमन शुरु कराएं : विधायक

**अनोखा तीर, हरदा।** हरदा शहर में रेलवे ओवर ब्रिज निर्माण कार्य के कारण बंद हुए रेलवे फाटक से उत्पन्न आवागमन की समस्या को लेकर विधायक डॉ. रामकिशोर दोगने ने डीआरएम पश्चिम मध्य रेलवे भोपाल, हरदा कलेक्टर तथा सहायक मंडल इंजीनियर रेलवे हरदा को पत्र लिखकर शीघ्र समाधान की मांग की है। विधायक डॉ. दोगने द्वारा प्रेषित पत्र में उल्लेख किया गया है कि हरदा शहर में रेलवे ओवर ब्रिज का निर्माण कार्य प्रगति पर है। इसके कारण होटल राज रेसीडेंसी के पास स्थित रेलवे फाटक बंद होने से शहरवासियों को आवागमन में काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने बताया कि वार्ड 35 पीलियाखाल स्थित रेलवे पुलिया के नीचे वर्तमान में नाले का पानी भरा हुआ है। यदि पुलिया के नीचे भरे पानी को पाइप लाइन के माध्यम से निकाल दिया जाए तो इस मार्ग से पैदल यात्री, दोपहिया तथा चारपहिया वाहनों का आवागमन सुचारू रूप से शुरू कराया जा सकता है। इससे शहर की यातायात व्यवस्था में भी सुधार होगा और रेलवे फाटक बंद होने से लोगों को हो रही परेशानी से राहत मिलेगी। पत्र में यह भी उल्लेख किया गया है कि इस संबंध में 26 दिसंबर 2025 को भी संबंधित अधिकारियों को पत्र लिखकर समस्या से अवगत कराया गया था तथा स्थानीय रेलवे अधिकारियों से कई बार चर्चा भी की गई, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है। उन्होंने मांग की है कि पीलियाखाल स्थित रेलवे पुलिया के नीचे भरे नाले के पानी की तत्काल निकासी कराकर मार्ग को आवागमन के लिए शुरू कराया जाए, ताकि शहरवासियों को सुविधा मिल सके। साथ ही चेतावनी दी गई है कि यदि शीघ्र समाधान नहीं किया गया तो वे जनहित में धरना आंदोलन करने के लिए बाध्य होंगे, जिसकी समस्त जिम्मेदारी जिला प्रशासन और रेलवे विभाग की होगी।



# 19 मार्च से प्रारम्भ होगा जल गंगा संवर्धन अभियान

## ● अजनाल नदी के तट पर श्रमदान कर होगा जिला स्तरीय कार्यक्रम का शुभारम्भ

**अनोखा तीर, हरदा।**

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में जल स्त्रोतों को पुनर्जीवित करने के लिए 19 मार्च से 'जल गंगा संवर्धन अभियान 2026' प्रारम्भ किया जा रहा है। यह अभियान 19 मार्च गुड़ी पड़वा से शुरू होकर 30 जून तक चलेगा। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य प्रदेश की नदियों, तालाबों, कुओं और अन्य प्राचीन जल संरचनाओं का संरक्षण व संवर्धन करना है। अभियान के तहत प्रदेश भर में नदियों के पुनर्जीवन, पुराने तालाबों की गाद निकालने और बावड़ियों की सफाई का कार्य प्राथमिकता पर किया जाएगा। इस दौरान जल स्त्रोतों के आसपास और नदी तटों पर सघन पौधारोपण किया जाएगा ताकि पारिस्थितिकी तंत्र को मजबूत किया जा सके। कलेक्टर सिद्धार्थ जैन के निर्देशन में शुक्रवार को जिला पंचायत की मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्रीमती अंजली जोसेफ जोनाथन ने कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित बैठक में 'जल गंगा संवर्धन' अभियान की



तैयारियों की समीक्षा की। बैठक में बताया गया कि अभियान के तहत जिला, विकासखण्ड, स्थानीय निकाय व ग्राम पंचायत स्तर पर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया जाएगा। इस अवसर पर बताया गया कि जल गंगा संवर्धन अभियान का जिला स्तरीय कार्यक्रम अजनाल नदी के तट पर श्रमदान कर प्रारम्भ किया जाएगा। बैठक में सीईओ श्रीमती जोसेफ ने अधिकारियों को निर्देश दिये कि सभी अधिकारी अभियान के तहत किये जाने वाले कार्यों की कार्य योजना तैयार कर प्रस्तुत करें। अभियान के तहत पूर्व में किए कार्यों एवं पूर्ण हो चुके कार्यों की एन्ट्री जल संचय पोर्टल पर कराना सुनिश्चित करें। उन्होने निर्देशित किया कि अभियान के तहत कार्यक्रमों का आयोजन जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में किया जाए। सभी अधिकारी अपने कार्यालय भवनों पर रूफ वाटर हार्वेस्टिंग कार्य कराना सुनिश्चित करें। उन्होने जिला शिक्षा अधिकारी को अभियान के तहत जल संरक्षण विषय पर निबन्ध लेखन, रंगोली, परिचर्चा एवं संवाद, शपथ जैसी गतिविधियां आयोजित करने के निर्देश दिए। सीईओ श्रीमती जोसेफ ने जन अभियान परिषद के माध्यम से अभियान के तहत ग्रामीण क्षेत्रों में चौपाल, कलश यात्रा, नुक्कड़ नाटक, संगोष्ठी, नदी गहरीकरण एवं पुनर्जीवन जैसी गतिविधियां आयोजित करने के निर्देश भी दिये। उन्होने इन गतिविधियों के आयोजन में स्वसहायता समूह दीदियों का सहयोग लेने के लिये भी कहा। बैठक में कार्यपालन यंत्री लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी, जिला शिक्षा अधिकारी, जनपद पंचायतों के सीईओ सहित अन्य जिला अधिकारी उपस्थित थे।

## जिला मूल्यांकन समिति की बैठक संपन्न

### -आम जन अनुमोदित दरों पर 18 मार्च तक प्रस्तुत कर सकेंगे सुझाव

**अनोखा तीर, हरदा।**

कलेक्टर सिद्धार्थ जैन की अध्यक्षता में शुक्रवार को कलेक्टर सभाकक्ष में वर्ष 2026-27 के लिए मध्यप्रदेश बाजार मूल्य मार्गदर्शक सिद्धांतों का बनाए जाना एवं उनका पुनरीक्षण नियम 2018 के अंतर्गत जिले के लिए अचल संपत्ति के बाजार मूल्य निर्धारण के लिए जिला मूल्यांकन समिति की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में उप जिला मूल्यांकन समितियों से प्राप्त प्रस्तावों पर विचार कर प्रस्तावित अनंतिम दरों को अनुमोदित किया गया जो कि आम जनता से सुझाव प्राप्त करने एवं आम जनता के अवलोकन के लिए अनुविभागीय अधिकारी राजस्व हरदा, खिरकिया व टिमरनी, कार्यालय जिला पंजीयक हरदा व उप पंजीयक हरदा व टिमरनी के कार्यालयों के सूचना पटल पर जन साधारण के अवलोकन हेतु उपलब्ध है। जो भी आमजन गाईड लाईन का अवलोकन कर एवं दरों के संबंध में अपने सुझाव प्रस्तुत करना चाहते है वे अपने सुझाव तथ्यों सहित अध्यक्ष उप जिला मूल्यांकन समिति एवं अनुविभागीय अधिकारी राजस्व हरदा, खिरकिया व टिमरनी के समक्ष 18 मार्च 2026 शाम 4 बजे तक प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित दिनांक एवं समय के बाद प्राप्त सुझावों पर विचार नहीं किया जाएगा।

## किसानों के साथ कुठाराघात कर रही भाजपा सरकार : मोहन सांई

**अनोखा तीर, हरदा।** जिला कांग्रेस अध्यक्ष मोहन सांई ने प्रदेश की भाजपा सरकार पर किसानों के साथ अन्याय करने का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि मध्यप्रदेश की भाजपा सरकार केवल किसानों और गरीबों का शोषण कर रही है। हाल ही में सरकार द्वारा जारी आदेश में किसानों से समर्थन मूल्य पर गेहूं की खरीदी 1 अप्रैल से किए जाने की बात कही गई है, लेकिन यह भी जुमला साबित होगा। उनका दावा है कि 5 अप्रैल से पहले खरीदी शुरू नहीं होगी। मोहन सांई ने कहा कि अभी यह भी संशय है कि सरकार कितना गेहूं समर्थन मूल्य पर खरीदेगी। सरकार द्वारा 50 प्रतिशत गेहूं भावांतर योजना में खरीदने की अटकलें चल रही हैं, जिससे किसानों को भारी नुकसान होगा। उन्होंने कहा कि एक तरफ प्रदेश सरकार सहकारी समितियों के माध्यम से किसानों को शून्य प्रतिशत ब्याज पर ऋण देने का दावा कर रही है, वहीं उस ऋण की वसूली की अंतिम तिथि 28 मार्च तय कर दी गई है, जबकि गेहूं खरीदी की तिथि 1 अप्रैल घोषित की गई है। ऐसे में किसान उपज बेचकर ऋण अदायगी कैसे करेंगे। उन्होंने कहा कि किसानों की गेहूं और चने की उपज निकले एक माह हो चुका है तथा किसानों को मूंग की बोनी भी करनी है। मजबूरी में किसान मंडियों में गेहूं ओने-पौने दामों पर बेचने को विवश हो रहे हैं, जिससे किसानों में भारी आक्रोश है। मोहन सांई ने कहा कि जिले के किसान 18 मार्च को मुख्यमंत्री मोहन यादव के किसान सम्मेलन का विरोध करेंगे। इसके लिए वे गांव-गांव जाकर किसानों से संपर्क कर रहे हैं और उन्हें समर्थन मिल रहा है। उन्होंने मांग की कि सरकार गेहूं की खरीदी 2700 रुपए प्रति क्विंटल के भाव से करे तथा 150 रुपए प्रति क्विंटल बोनस दे। साथ ही मक्का की समर्थन मूल्य पर खरीदी के लिए तत्काल पंजीयन शुरू किया जाए, अन्यथा जिला कांग्रेस किसानों के साथ मिलकर मुख्यमंत्री के कार्यक्रम के दिन ही बड़ा आंदोलन करेगी।

## वर्ष की प्रथम नेशनल लोक अदालत आज

**अनोखा तीर, हरदा।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली के आदेशानुसार प्रधान जिला न्यायाधीश एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण हरदा श्री अरविंद रघुवंशी के मार्गदर्शन में 14 मार्च, को वर्ष की प्रथम नेशनल लोक अदालत का आयोजन जिला न्यायालय एवं सभी तहसील न्यायालयों में किया जावेगा। सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण हरदा, श्री चंद्रशेखर राठौर ने बताया कि नेशनल लोक अदालत में न्यायालयों में आपराधिक शमनीय प्रकरण, परक्राम्य अधिनियम की धारा 138 के अंतर्गत प्रकरण, बैंक रिकवरी संबंधी मामले, एमएसीटी प्रकरण (मोटर दुर्घटना क्षतिपूर्ति दावा), वैवाहिक प्रकरण, श्रम विवाद प्रकरण, भूमि अधिग्रहण के प्रकरण, विद्युत एवं जलकर संबंधी प्रकरण, राजस्व प्रकरण, दीवानी मामले तथा अन्य सभी प्रकार के राजीनामा योग्य, प्री-लिटिगेशन (मुकदमा पूर्व) प्रकरणों का निराकरण किया जाएगा। श्री राठौर ने बताया कि जिला मुख्यालय हरदा में 14 मार्च को आयोजित होने वाली नेशनल लोक अदालत का शुभारम्भ प्रातः 10:30 बजे से ए.डी.आर. भवन में किया जाएगा। उन्होंने आमजन से नेशनल लोक अदालत में दी जाने वाली छूट का लाभ प्राप्त कर राजीनामा योग्य प्रकरण का निराकरण लोक अदालत के माध्यम से करने की अपील की।

**सम्पत्तिकर, जलप्रभार व अन्य उपभोक्ता प्रभार के अधिभार में मिलेगी छूट-** नेशनल लोक अदालत में नगरीय विकास एवं आवास विभाग द्वारा नेशनल लोक अदालत में सम्पत्तिकर, जलप्रभाव व अन्य उपभोक्ता प्रभार के अधिभार में छूट प्रदान करने का निर्णय लिया गया है। जारी आदेश अनुसार सम्पत्तिकर के ऐसे प्रकरण जिनमें कर तथा अधिभार की राशि 50 हजार रूपये तक बकाया है, पर मात्र अधिभार में 100 प्रतिशत की छूट दी जाएगी। इसी प्रकार सम्पत्तिकर के ऐसे प्रकरण, जिनमें कर तथा अधिभार की राशि 50 हजार से अधिक तथा एक लाख रूपये तक बकाया है, पर मात्र अधिभार में 50 प्रतिशत की छूट तथा एक लाख रूपये से अधिक बकाया पर अधिभार में 25 प्रतिशत तक की छूट दी जाएगी।

जल प्रभार एवं अन्य उपभोक्ता प्रभार की राशि 10 हजार रूपये तक बकाया होने पर मात्र अधिभार में 100 प्रतिशत की छूट तथा ऐसे प्रकरण जिनमें जल प्रभार एवं अन्य उपभोक्ता प्रभार तथा अधिभार की राशि 10 हजार से अधिक तथा 50 हजार रूपये तक बकाया है पर मात्र अधिभार में 75 प्रतिशत तक की छूट दी जाएगी।

### महिलाओं ने किया दशा माता का पूजन

## वट वृक्ष की परिक्रमा कर मांगी सुख-समृद्धि



**अनोखा तीर, सोडलपुर।** ग्राम के रहटगांव रोड पर स्थित वट वृक्ष के नीचे शुक्रवार को महिलाओं द्वारा श्रद्धा और आस्था के साथ दशा माता का पूजन किया गया। इस दौरान बड़ी संख्या में महिलाएं पूजा स्थल पर एकत्रित हुईं और विधि-विधान से दशा माता की आराधना की। महिलाओं ने वट वृक्ष की पूजा-अर्चना कर कच्चा सूत लपेटते हुए उसकी परिक्रमा लगाई तथा परिवार की सुख-समृद्धि और खुशहाली की कामना की। पूजन के दौरान महिलाओं ने पारंपरिक रीति-रिवाजों का पालन करते हुए माता के भजन भी गाए और एक-दूसरे को शुभकामनाएं दीं। ग्रामीणों के अनुसार दशा माता का पूजन क्षेत्र में हर वर्ष श्रद्धा के साथ किया जाता है। इस अवसर पर महिलाएं वट वृक्ष की पूजा कर व्रत रखती हैं और परिवार की मंगल कामना करती हैं। पूजा के दौरान पूरे क्षेत्र में धार्मिक माहौल बना रहा।

### ग्रीष्मकालीन जूडो ताइ्, इंडो प्रशिक्षण शिविर 16 मार्च से

**अनोखा तीर, भोपाल।** भोपाल में इस वर्ष भी ग्रीष्मकालीन जूडो, ताइक्वांडो और कुराश प्रशिक्षण शिविर का आयोजन टास क्लब, पिपलानी में 16 मार्च से आरंभ होगा। टास क्लब में वर्षों से मार्शल आर्ट्स जैसे जूडो, ताइक्वांडो और कुराश की ट्रेनिंग दी जाती है। सुरेश श्रीवास्तव इंटरनेशनल कोच, विश्वामित्र अवार्डी ने बताया कि यह प्रशिक्षण शिविर का 44वां वर्ष है, जहां 6 साल से ऊपर के बालक-बालिकाओं को सेल्फ डिफेंस और मार्शल आर्ट की ट्रेनिंग राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ियों एवं कोच द्वारा दी जाएगी। प्रशिक्षण शिविर 16 मार्च से 15 मई तक निःशुल्क रहेगा। उन्होंने बताया कि विगत 44 वर्षों में टास क्लब से कई राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी निकले हैं और अनेक खिलाड़ियों को विक्रम अवार्ड तथा एकलव्य अवार्ड भी मिल चुका है। ये खिलाड़ी मध्य प्रदेश, केंद्र शासन और सेना में उच्च पदों पर अपना दायित्व निभा रहे हैं।

### हेल्प लाईन नंबर

| | |
|---|---|
| सीएम हेल्प लाईन | 181 |
| पुलिस | 112 |
| फायर बिग्रेड | 101 |
| एम्बुलेन्स | 108 |
| चाईल्ड हेल्प लाईन | 1098 |
| किसान कॉल सेंटर | 18001801551 |
| विद्युत शिकायत | 18002331912 |
| विद्युत सेवा | 1912 |
| पशु सेवा | 1962 |
| पुलिस सेवा | 112-100 |
| अग्नि सेवा | 101 |
| एम्बुलेन्स सेवा | 102 |
| यातायात पुलिस | 103 |
| आपदा प्रबंधन | 108 |
| चाईल्ड लाईन | 1098 |
| रेलवे पूछताछ | 139 |
| भ्रष्टाचार विरोधी | 1031 |
| रेल दुर्घटना | 1072 |
| सड़क दुर्घटना | 1073 |
| सीएम सहायता लाईन | 1076 |
| क्राईम सटायर | 1090 |
| महिला सहायता | 1091 |
| पृथ्वी भूकंप | 1092 |
| बाल शोषण सहायता | 1098 |
| किसान कॉल सेंटर | 1098 |
| नागरिक कॉल सेंटर | 155300 |

## प्रथम दिवस तीन मंडलियों की मनमोहक प्रस्तुति, माता-बहनों ने दिए सुंदर झालरे

**अनोखा तीर, बालागांव।**

ग्राम बालागांव में गणगौर महोत्सव के प्रथम दिवस ग्राम की महिलाओं द्वारा दिन में पाती खेली गई, वहीं रात्रि में महिलाओं और गांव के बच्चों द्वारा सुंदर झालरे प्रस्तुत किए गए। गांव में यह उत्सव बड़े ही उल्लास के साथ मनाया जाता है। सांझ ढलते ही आयोजन स्थलों पर झालरों की शुरुआत हो जाती है। भजन मंडलियां पांडालों में गणगौर गीतों पर झालरे प्रस्तुत कर माता माय (देवी) की उपासना करती हैं। देर रात कार्यक्रम के समापन से पहले परंपरा अनुसार तुम देओ रजा घर जावां म्हारी रनुबाई गीत अनिवार्य रूप से गाया जाता है। इस गीत के माध्यम से देवी से सभी की ओर से घर जाने की अनुमति मांगी जाती है। गणगौर महोत्सव के दौरान आसपास के ग्रामों से भी बड़ी संख्या में लोग गणगौर देखने पहुंचते हैं, जिससे कार्यक्रम स्थल पर काफी भीड़ उमड़ती है। ग्राम की महिलाएं विधि-विधान से गणगौर की पूजा-अर्चना



कर रही हैं। सेवा में प्रतिदिन सुबह और शाम गणगौर मैया की आरती की जाती है। कार्यक्रम की शुरुआत गणेश वंदना के रूप में काई गणपति लागूं थारा पांव भजन से की जाती है। इसके साथ ही अंचल के अन्य लोकप्रिय गणगौर गीत भी गाए जा रहे हैं।

समय के साथ कई गीतों की धुन और बोल में बदलाव आया है, फिर भी कर्णप्रिय गणगौर गीतों पर झालरों की प्रस्तुति देखने के लिए दर्शक बड़ी संख्या में पांडाल में मौजूद रहते हैं। चैत्र व वैशाख में मनाए जाने वाले इस उत्सव के प्रथम दिवस ग्राम बालागांव में श्री श्याम गणगौर मंडल रूपिपरेटिया, श्री भैरू बाबा गणेश मंडल नकवाड़ा और श्री गणगौर मंडल सकतापुर मंडल द्वारा सुंदर प्रस्तुति दी गई। गणगौर महोत्सव का आयोजन शिवनारायण गौर, भगवानदास गौर एवं पवन गौर द्वारा किया जा रहा है। इस आयोजन की ग्रामीणों और आसपास के गांवों के लोगों द्वारा सराहना की जा रही है तथा बड़ी संख्या में लोग गणगौर देखने पहुंच रहे हैं।


**कार्यालय कार्यपालन यंत्री, (वि./यॉ.)**
**लोक निर्माण विभाग, वि./यॉ. संभाग क्र-2, बाहर दफ्तर परिसर, जवाहर चौक, भोपाल (म.प्र.)**

**निविदा सूचना**

सूचना प्रकाशन क्रमांक. 37/व.ले.लि./2025-26 — भोपाल, दिनांक : 10/03/2026

निम्नलिखित कार्यों हेतु निविदायें आमंत्रित की जाती है। उल्लेखित कार्य का विस्तृत विवरण वेबसाइट www.mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

| क्र. | पोर्टल टेंडर क्र. | एन.आई.टी. क्र. | कार्य का नाम | आमंत्रण क्र. | ठेके की अनु. राशि | धरोहर राशि | निविदा राशि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2026_PWDRB _488905_1 | 59/SAC/2025-26 | सप्लाय इन्टालेशन टेस्टिंग एवं कमिशनिंग ऑफ स्पिलिट एसी 2 टन, बैट्री, पी.वी.सी. बॉडी डिसर्ट कूलर/विंडो कूलर एट रेस्ट हाउस बिल्डिंग इटारसी, सिवनी मालवा एवं आवली घाट जिला नर्मदापुरम | तृतीय आमंत्रण | 489676.00 | 9794.00 | 2000.00 |
| 2 | 2026_PWDRB _488906_1 | 60/SAC/2025-26 | प्रोवाईडिंग विद्युतीकरण कार्य एट राजभवन, ओल्ड होटल, मधुवन बंगला पंचमढ़ी जिला नर्मदापुरम | तृतीय आमंत्रण | 431574.00 | 8631.00 | 2000.00 |
| 3 | 2026_PWDRB _488907_1 | 50/SAC/2025-26 | एस/आर आर.आर. विद्युतीकरण कार्य ओल्ड होटल रूम नं. 1, 2, 3 एयर कंडिशनर एवं गीजर पंचमढ़ी जिला नर्मदापुरम | चतुर्थ आमंत्रण | 336006.00 | 6720.00 | 2000.00 |
| 4 | 2026_PWDRB _488908_1 | 62/SAC/2025-26 | वार्षिक विद्युत मरम्मत कार्य शासकीय आवासीय एवं गैर आवासीय भवन ब्लाक हरदा, टिमरनी, खिरकिया जिला हरदा | प्रथम आमंत्रण | 1500000.00 | 30000.00 | 2000.00 |
| | | | योग :- | | 2757256.00 | | |

नोटः- निविदा विक्रय दिनांक 10/03/2026 प्रातः 10:30 बजे से निविदा विक्रय अंतिम दिनांक 26/03/2026 सांय 5:30 बजे तक एवं समस्त दस्तावेज ऑनलाईन प्रस्तुत करना है। निविदा की निर्धारित तिथियों में या अन्य किसी भी प्रकार का परिवर्तन होने पर उसे उपरोक्त वेबसाईट पर देखा जा सकता है। विस्तृत एन.आई.टी. एवं अन्य जानकारी उपरोक्त वेबसाईट पर देखी जा सकती है।

(इंजी. हिमांशु उपाध्याय)
कार्यपालन यंत्री
लो.नि.वि. (वि./यां.) संभाग क्र. 02 भोपाल

जी-27228/25

● "पॉक्सो है सुरक्षा का हथियार, बच्चों पर न करें अत्याचार"

# संपादकीय

# रसोईघर तक आई ईरान-इजरायल युद्ध की आंच

दुनिया भर में युद्ध सैन्य मोर्चों पर लड़े जाते रहे हैं, लेकिन उसकी आंच में आम लोग झुलसते हैं। ईरान पर इजराइल और अमेरिका के साझा हमले के बाद इस युद्ध का दायरा जिस स्वरूप में फैला है, उसका असर अब आशंका के अनुरूप सामने आना शुरू हो चुका है।

समस्या यह है कि दुनिया के ज्यादातर देश आमतौर पर हर समय इतनी पूर्व-सावधानी नहीं बरतते हैं कि युद्ध से उपजी आपात स्थिति से निपटने के लिए जरूरी उपायों को लेकर अपनी ओर से अगले कई महीनों के लिए पूरी तैयारी रखें। कई बार अचानक पैदा होने वाले हालात में पहले आपूर्ति का मोर्चा बाधित होता है।

उसके बाद आम लोगों के जीवन-बसर के लिए अनिवार्य चीजों की कमी शुरू हो जाती है और फिर उसका असर बाहर भी दिखने लगता है, जिसमें लोगों के बीच रोजमर्रा की जरूरतों को पूरा करने की समस्या को लेकर चिंता ज्यादा बढ़ जाती है। इजराइल और अमेरिका के ईरान पर हमले के दस दिन बाद कई देशों में लगभग यही स्थिति बन रही है।

जहां तक भारत का सवाल है, तो जब से ईरान ने होर्मुज जलडमरूमध्य के रास्ते को रोका है, तब से तेल टैंकरों की आवाजाही और गैस की आपूर्ति भी व्यापक रूप से बाधित हुई है। इसके अलावा, ईरान ने जवाबी हमले के तौर पर जिस तरह खाड़ी के कई देशों के तेल रिफाइनरियों पर हमले किए, उसके बाद कच्चे तेल का संकट ज्यादा गहरा गया है। हालांकि होर्मुज मार्ग पर ईरान के रुख के बाद यह साफ हो गया था कि अगर यह युद्ध थोड़ा लंबा खिंचा, तो दुनिया के कई देश इससे बुरी तरह प्रभावित होंगे। तेल और गैस के अभाव की वजह



से न सिर्फ आम जनजीवन में अफरा-तफरी पैदा होगी, बल्कि बड़े पैमाने पर आर्थिक संकट खड़ा होगा। इसी क्रम में भारत में अब यह साफ दिखने लगा है कि अगर सरकार की ओर से जल्दी ही कोई उपयुक्त कदम नहीं उठाए गए, तो स्थिति जटिल हो सकती है। दरअसल, युद्ध की आंच अब भारत में रसोईघरों और व्यापार तक पहुंचनी शुरू हो गई है। एलएनजी यानी तरल प्राकृतिक गैस और एलपीजी यानी तरल पेट्रोलियम गैस के मामले में भारत आमतौर पर आयात पर निर्भर रहा है। यही वजह है कि होर्मुज समुद्री रास्ते से तेल टैंकरों की आवाजाही बाधित होने के बाद भारत में अब एलपीजी की किल्लत का खतरा मंडराने लगा है और कई राज्यों में रेस्तरां तथा होटलों को वाणिज्यिक एलपीजी की आपूर्ति में मुश्किल शुरू हो गई है। साथ ही बाजार में खाने-पीने की चीजों से लेकर अन्य सामान की कीमतों में इजाफे की रफ्तार तेज हो गई है। असली समस्या रसोई गैस और अन्य सामान की आपूर्ति है, जिसमें भारी कमी की वजह से लोगों के बीच अफरा-तफरी का माहौल बन रहा है। हालत यह है कि आने वाले दिनों में संकट गहराने की आशंका से ज्यादातर लोग एहतियातन एलपीजी सहित अन्य सामान लेने के लिए कतारों में खड़े दिखने लगे हैं।

एक ओर, जरूरत से ज्यादा खरीदारी और दूसरी ओर कारोबारियों की अवैध जमाखोरी या भंडारण की वजह से कालाबाजारी और महंगाई जैसे संकट के मद्देनजर सरकार को आवश्यक वस्तु अधिनियम लागू करना पड़ा है। मगर यह सुनिश्चित करना भी सरकार की जिम्मेदारी है कि रसोई गैस या परिवहन इस हद तक नियंत्रित न हों कि इससे रोजमर्रा की अनिवार्य गतिविधियों पर प्रतिकूल प्रभाव पड़े। यह भी देखने की जरूरत होगी कि अगर जरूरी वस्तुओं की कमी का संकट गहराया, तो वैकल्पिक स्रोतों से उसे कैसे पूरा किया जाएगा।

## युद्ध नहीं अमन और शांति चाहिए



यहां जंग में बारूदी गंध,
हवाओं में अब जहर घोल रही,
धरती मां भी अब सिसक सिसक कर
रो रही
युद्ध नहीं ज्वाला है मानवता खाक हो
रही!
मिट्टी और हवा में बीज जहर के बो रहै,
विकास की गति अब रूक रही है,
धरा में मातम सा छा रहा है!
काश युद्ध कोई दुनिया में हल कर
देता,
और उल्टे घाव लगाते!
कोलाहाल ऐसा हो रहा धरा पर,
नभ के सारे पक्षी गाना गाना भूल गए!
जल थल और नभ मे चिंगारी फैल गई
धुएं के गुब्बार उठ रहे नभ भी ढक
गया!
लहु वुहान हो गई अब मानवता,
सारी विश्व धरा कांप रही!
चीख पुकार कर रहा समय हमारा,
आने वाला कल बर्बाद हो रहा!
न तोपों से न गोलों सो
ना ही हल होगा इस जंग से
बात बनेगी सिर्फ बात से!
अभी वक्त है बारूदों को दफन करो
मिलकर सब बात करो
केसे कब्र खोद रहे खुद की,
रोको बम बारूदों के शोलों को!
तहस नहस हो रहा सब कुछ धरा पर
क्या रोकोगे बम के गोलो को!
अहं छोड़ सब मिलकर संवाद करो,
हर उलझन और मुश्किल सुलझेगी,
युद्ध रूकेगा सब मिलकर विश्वास
करो!

–गोविन्द सूचिक अदनासा
जिला –हरदा

## इच्छा मृत्यु



आनंद भरे जीवन में आई एक बेहद काली शाम,
बस बन कर रह गया जीवन जन्म–मृत्यु का संग्राम,
रक्षाबंधन का वो दिन था बहन ने दी भाई को बधाई,
विधाता के लेख से कुछ घंटों बाद घायल हुआ भाई।
एक पल में सपनों का संसार शीशे की तरह हुआ चूर,
कोमा में हरीश आया और असहाय दर्द बना नासूर,
अब जागेगा लाल मेरा मां का मन हर बार ये कहता,
बाप का दिल जवान बेटे को मौन देख–देख बस रोता।

छोटे भाई ने खोया सिर पर बड़े भाई का आशीष हाथ,
बहन की आंखों में थमते नहीं आंसू कैसा संकट नाथ,
13 वर्षों तक की तपस्या दिन–रात करी सबने सेवा,
बेहतरीन इलाज करवाया कमी नहीं कोई सुरक्षा दवा।

दिन पर दिन यह दु:ख होता गया और अधिक गहरा,
हुई नहीं हरीश में कोई हलचल बढ़ता गया बस अंधेरा,
आखिर अंत में सुप्रीम कोर्ट से परिवार ने की गुहार,
इच्छा मृत्यु दे दो तड़प रहा है मेरा बेटा होकर लाचार।

सुप्रीम कोर्ट ने दु:खी मन से इस केस पर हॉं करी,
इच्छा मृत्यु हरीश को शायद देना चाहते है श्री हरी,
बुझे मन से मां ने कहा सुकून की नींद सो जाना लाल,
माफ़ी मांग रही हूँ बेटा रख नहीं सकी मैं तेरा ख्याल।

(हरीश राणा का केस और सुप्रीम कोर्ट की हॉं)
– मोनिका डागा आनंद

एक भावनात्मक संपादकीय - अपनी माँ के नाम

# बैठ जाओ माँ के चरणों में... क्योंकि यह अवसर जीवन में बार-बार नहीं मिलता

## माँ - जीवन की पहली गुरु, पहला विश्वास और सबसे बड़ा आश्रय



**-सुशील कुमार जैन**
लेखक एवं स्तंभकार

**आज यह लेख भी उसी उमड़ती हुई भावना का परिणाम है-एक ऐसा पत्र, जो शायद कागज़ पर लिखा जा रहा है, पर वास्तव में सीधे माँ के चरणों में समर्पित है। माँ, मुझे बचपन की वे सुबहें आज भी उतनी ही स्पष्ट याद आती हैं। जब हम गहरी नींद में होते थे, तब तक तुम कई काम निपटा चुकी होती थीं। रसोई में चूल्हा जल चुका होता था, टिफिन तैयार हो चुका होता था और स्कूल के लिए हमारे कपड़े भी सलीके से रखे होते थे।**

क्या माँ पर लिखने के लिए किसी विशेष दिन का इंतज़ार किया जाना चाहिए? क्या माँ के प्रति अपने भाव व्यक्त करने के लिए मदर्स डे का कैलेंडर देखना आवश्यक है?

सच तो यह है कि माँ की स्मृतियाँ किसी तारीख़ की मोहताज नहीं होतीं। माँ तो वह अनुभूति है जो हर दिन, हर क्षण हमारे भीतर जीवित रहती है। कभी किसी रसोई से आती खुशबू में, कभी किसी पुराने गीत में, तो कभी सड़क पर किसी बच्चे को उसकी माँ की उंगली पकड़कर चलते हुए देखकर अचानक दिल में एक हल्की-सी टीस उठती है-और हम अनायास ही अपनी माँ की दुनिया में पहुँच जाते हैं। लेखन की प्रेरणा भी कुछ ऐसी ही होती है। वह न किसी सुविधा का इंतज़ार करती है, न किसी अवसर का। पेन की रिफिल खत्म हो जाए, बिजली चली जाए, गर्मी में पंखा बंद हो जाए या आसपास मोबाइल की चकाचौंध भरी दुनिया क्यों न हो-जब मन के भीतर भावनाओं का सागर उमड़ता है, तो शब्द स्वयं रास्ता बना लेते हैं।

आज यह लेख भी उसी उमड़ती हुई भावना का परिणाम है-एक ऐसा पत्र, जो शायद कागज़ पर लिखा जा रहा है, पर वास्तव में सीधे माँ के चरणों में समर्पित है।

माँ, मुझे बचपन की वे सुबहें आज भी उतनी ही स्पष्ट याद आती हैं। जब हम गहरी नींद में होते थे, तब तक तुम कई काम निपटा चुकी होती थीं। रसोई में चूल्हा जल चुका होता था, टिफिन तैयार हो चुका होता था और स्कूल के लिए हमारे कपड़े भी सलीके से रखे होते थे।

फिर तुम हमें जगाती थीं-लेकिन तुम्हारा जगाना किसी आदेश जैसा नहीं होता था। वह एक स्नेहिल स्पर्श होता था। ऐसा लगता था जैसे तुम हमें नींद से नहीं, बल्कि अपने प्यार से उठा रही हो।

जल्दी-जल्दी हमें नहलाना, तैयार करना, बालों में कंघी करना, जूते पहनाना-यह सब तुम्हारी दिनचर्या का हिस्सा था। कभी माथे पर काजल लगा देना, कभी बलाइयां लेना और मुस्कराकर कहना-मेरा राजा बेटा।

कभी लाल, कभी मेरा राजकुमार, कभी मेरा हीरा -हर दिन तुम हमें किसी नए नाम से पुकारती थीं। उन नामों में केवल स्नेह नहीं, बल्कि यह विश्वास भी छिपा होता था कि तुम्हारा बच्चा ही तुम्हारे जीवन की सबसे बड़ी पूँजी है।

बचपन की एक और स्मृति अक्सर मन में उभर आती है-तुम्हारे साथ बाज़ार जाना।

तुम्हारी उंगली पकड़कर चलते समय एक अजीब-सा आत्मविश्वास होता था। लगता था कि जब तक माँ साथ है, तब तक इस दुनिया में कोई डर नहीं।



दुकानों के सामने खड़े होकर हम अपनी पसंद की चीज़ों की ओर इशारा करते थे। कभी कोई खिलौना, कभी मिठाई, तो कभी कोई छोटी-सी चीज़।

और जब वह तुरंत नहीं मिलती थी, तो हम सड़क पर ही रूठ जाते थे।

तब तुम मुस्कराकर कहती थीं-
बेटा, थोड़ा आगे और देखते हैं... फिर दिला दूँगी।

उस समय तो यह केवल एक बहाना लगता था, लेकिन आज समझ में आता है कि तुम हमें केवल चीज़ें नहीं दिला रही थीं-तुम हमें जीवन का संयम और धैर्य सिखा रही थीं।

माँ, स्कूल से लौटने की वे दोपहरें भी आज यादों की सबसे गर्म और उजली तस्वीर बनकर सामने आती हैं।

गेट पर पहुँचते ही तुम खड़ी मिलती थीं-जैसे घंटों से हमारे आने का इंतज़ार कर रही हो।

तुम हमारे हाथ से बस्ता तुरंत ले लेती थीं। जूते-मोज़े उतरवाती थीं। उस समय ऐसा लगता था जैसे हम स्कूल से नहीं, किसी युद्ध से लौटे हों और तुम हमारी विजयी वापसी का स्वागत कर रही हो।

फिर तुम मुस्कराकर कहती थीं-
आज तेरी फेवरेट चीज़ बनाई है।

बस, इतना सुनते ही चेहरा खुशी से खिल उठता था। मन में तुरंत उत्साह भर जाता था कि आज वही खाना मिलेगा जो हमें सबसे ज्यादा पसंद है।

माँ की रसोई केवल भोजन बनाने की जगह नहीं थी-वह प्रेम का मंदिर थी, जहाँ हर व्यंजन में ममता का स्वाद घुला होता था।

माँ की डाँट भी जीवन का एक महत्वपूर्ण हिस्सा थी। कभी-कभी उसकी हल्की-सी पिटाई भी हो जाती थी। उस क्षण वह कठोर लगती थी, लेकिन थोड़ी ही देर बाद वही माँ हमें अपने पास बुलाकर प्यार से समझाती थी।

कभी गुस्से में उसकी चूड़ियाँ टूट जाती थीं, हाथ में हल्की-सी चोट लग जाती थी-लेकिन उस कठोरता के पीछे भी केवल चिंता और प्रेम छिपा होता था।

दरअसल माँ का गुस्सा भी प्रेम का ही एक रूप होता है।

माँ हमारे जीवन की पहली गुरु होती है। वह हमें केवल बोलना और चलना ही नहीं सिखाती, बल्कि जीवन के मूल मूल्य भी सिखाती है-सच्चाई, ईमानदारी, परिश्रम और संवेदनशीलता।

एक ही घर में कई बच्चे होते हैं, लेकिन माँ हर बच्चे की प्रकृति, उसकी आवश्यकता और उसकी कमजोरी को अलग-अलग समझती है। वह सबको समान स्नेह देती है, लेकिन हर बच्चे को उसके अनुसार मार्गदर्शन भी देती है।

यही उसका अनोखा न्याय है-जिसमें पक्षपात नहीं, केवल ममता होती है।

बचपन में रात को सोते समय भाइयों के बीच यह झगड़ा होना कि आज माँ के पास कौन सोएगा, एक सामान्य-सी बात थी। लेकिन आज जब उन दिनों को याद करते हैं, तो लगता है कि वह झगड़ा भी कितनी बड़ी खुशियों से भरा हुआ था।

समय धीरे-धीरे आगे बढ़ता गया। हम बड़े होते गए। पढ़ाई, काम, जिम्मेदारियाँ और जीवन की दौड़ हमें लगातार आगे धकेलती रही। एक दिन ऐसा भी आया जब हम कद में भी माँ से बड़े हो गए, ताकत में भी आगे निकल गए। कभी मज़ाक में हम माँ को गोद में उठा लेते हैं-लेकिन सच्चाई यह है कि हमारे पूरे जीवन का आधार उसी माँ की गोद होती है।

आज जब जीवन की व्यस्तताओं के बीच ठहरकर पीछे देखते हैं, तो समझ में आता है कि हमारी हर सफलता की जड़ माँ के त्याग, उसके संस्कार और उसकी प्रार्थनाओं में ही है।

माँ केवल जन्म देने वाली नहीं होती-वह हमारे व्यक्तित्व की शिल्पकार होती है।

वह हमें मनुष्य बनना सिखाती है।

वह हमें संवेदनशील बनना सिखाती है।

वह हमें यह सिखाती है कि जीवन केवल अपने लिए नहीं, बल्कि दूसरों के लिए भी जिया जाता है।

इस संसार में यदि कोई प्रेम पूर्णतः निस्वार्थ है, तो वह माँ का प्रेम है।

माँ कभी अपने त्याग का हिसाब नहीं रखती। वह बच्चों की खुशियों में ही अपनी खुशी ढूँढ़ लेती है।

शायद इसी सत्य को ध्यान में रखकर कहा गया है-
ईश्वर हर जगह नहीं हो सकता था, इसलिए उसने माँ को बनाया।

आज के इस तेज़ और व्यस्त जीवन में हमें यह याद रखना चाहिए कि हमारी उपलब्धियों की ऊंचाइयां चाहे जितनी भी क्यों न हों, उनकी जड़ें हमेशा माँ के त्याग, उसके संस्कार और उसकी प्रार्थनाओं में ही होती हैं।

और इसलिए जीवन का सबसे बड़ा सौभाग्य यही है कि हम किसी की संतान हैं-
और वह कोई साधारण व्यक्ति नहीं,
वह हमारी माँ है।
इसलिए यदि माँ आज भी आपके पास है,
तो थोड़ा समय निकालिए।
उनके पास बैठिए।
उनसे बातें कीजिए।
क्योंकि जीवन में बहुत-सी चीजें दोबारा मिल सकती हैं-धन, पद, अवसर, सफलता...
लेकिन माँ-
माँ दोबारा नहीं मिलती।
और सच तो यही है-
जीवन का सबसे पवित्र स्थान यदि कहीं है,
तो वह माँ के चरणों में ही है।

# क्या आप भी खुद को पीछे छोड़ आए हैं?

**जिंदगी की दौड़ में हम बहुत-सी चीजों को खो देते हैं। हम अपने शौक, अपनी मासूम इच्छाएं, और कभी-कभी अपनी पहचान भी खो बैठते हैं। दूसरों की अपेक्षाओं को पूरा करते-करते हम खुद की अपेक्षाओं को दबा देते हैं, लेकिन यह बेहद जरूरी है कि हम खुद को पूरी तरह से बदलने न दें। कभी इतना न बदल जाएं कि हम अपने असली ख्वाबों को ही भूल जाएं, क्योंकि यही ख्वाब थे, जिन्होंने हमें एक दिशा दी थी, जिन्होंने हमें आगे बढ़ने की प्रेरणा दी थी। अगर हम अपने ख्वाबों को मरने देंगे, तो हम धीरे-धीरे अपनी असल पहचान भी खो देंगे।**

**सुप्रिया सत्यार्थी**

जिंदगी में हम हमेशा कुछ न कुछ चाहने की आदत में बंधे रहते हैं। यह चाहत ही शायद हमें इंसान बनाती है, हमें आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करती है। कभी ये इच्छाएं छोटी होती हैं, जैसे किसी अपने की मुस्कान, किसी परीक्षा में सफलता, या एक सुकून भरी शाम और कभी बहुत बड़ी जैसे एक बेहतर भविष्य, पहचान, सम्मान और अपने सपनों की उड़ान। मगर हर इच्छा, हर ख्वाब हमें आगे बढ़ने की ताकत देते हैं।

जब हम अपनी आंखों में ख्वाब संजोते हैं, तो वह ख्वाब हमें इस दुनिया के हर कोने में कुछ नया खोजने की प्रेरणा देता है। इन्हीं ख्वाबों के सहारे हम अपने जीवन के भविष्य के महल मन ही मन बना लेते हैं, मानो हर मंजिल हमारी मुट्ठी में हो। उस समय हमें लगता है कि हम कुछ भी कर सकते हैं, कुछ भी पा सकते हैं, लेकिन क्या कभी हमने ठहरकर यह सोचा है कि इन ख्वाबों को पूरा करने का रास्ता उतना आसान नहीं होता, जितना हमें शुरुआत में लगता है? शुरुआत में हर ख्वाब हमें अपना-सा लगता है। वे ख्वाब हमारे मन में इतने गहरे बैठ जाते हैं कि हमें लगता है जैसे वे हमारी ही दुनिया हों। हर मंजिल हमसे बस कुछ कदमों की दूरी पर दिखाई देती है। हम ख्वाबों के रंगीन संसार में खो जाते हैं, जहां सब



कुछ सुंदर होता है, सरल होता है। हम यह मान लेते हैं कि मेहनत करेंगे तो सब मिल जाएगा, कि हर बाधा को हम आसानी से पार कर लेंगे। उस समय हमारे भीतर आत्मविश्वास होता है, जोश होता है और भविष्य के प्रति एक अटूट विश्वास होता है, लेकिन जैसे-जैसे वक्त गुजरता है, हम हकीकत का सामना करने लगते हैं।

हकीकत की ठोकरें हमें हमारे ख्वाबों की असली कीमत समझाने लगती हैं। जिन रास्तों पर हमने फूलों की कल्पना की थी, उन्हीं रास्तों पर कांटे उग आते हैं। असफलताएं हमें घेर लेती हैं और हमारी उम्मीदें धीरे-धीरे फीकी पड़ने लगती हैं। ऐसा आमतौर पर होता है कि जब कोई चीज हमें आसानी से मिल जाती है, तो हम उसकी कीमत समझने की कोशिश नहीं करते। इसी तरह, अगर कोई व्यक्ति हमसे विनम्र और सद्भावपूर्ण व्यवहार करता है, हमें अपनी बात रखने या अपनी पसंद से आचरण करने की जगह मिलने पर कोई आपत्ति नहीं करता, तो हम वैसे व्यक्ति को हल्का मानकर उसकी अनदेखी करते हैं या उसे कम करके आंकते हैं।

मगर यही जब हमारे व्यक्तित्व में घुल जाता है, तब हम ऐसे व्यवहार की आदी हो जाते हैं और हमारे भीतर एक विचित्र अहं अपने पांव पसारने लगता है। हमें इसका भान तब होता है, जब हम किसी के लिए कुछ करते हैं और उसकी कद्र करते हैं और वह हमें कोई महत्त्व नहीं देता। दरअसल, बात यहां यह है कि हमें दूसरों के प्रति ही वैसा व्यवहार करना चाहिए, उसकी कद्र करनी चाहिए, जो हम अपने लिए दूसरों से अपेक्षा करते हैं। वक्त का पहिया कभी रुकता नहीं। यह बिना किसी से पूछे हमें आगे धकेलता रहता है।

इस रफ्तार में हम अक्सर अपने ख्वाबों को पीछे छोड़ देते हैं। हमें लगने लगता है कि दुनिया के साथ चलने के लिए हमें अपने सपनों से समझौता करना पड़ेगा। जिम्मेदारियों और कर्तव्यों का बोझ हमारे कंधों पर इतना बढ़ जाता है कि हम खुद के लिए समय निकालना ही भूल जाते हैं। परिवार, समाज और परिस्थितियों की अपेक्षाएं हमें जकड़ लेती हैं। धीरे-धीरे हम अपने भीतर के उस इंसान से दूर हो जाते हैं, जो कभी बड़े सपने देखा करता था। वक्त की इस अंधी दौड़ में हम यह भूल जाते हैं कि एक समय था जब हमारे ख्वाब हमारे जीने का कारण हुआ करते थे।

फिर किसी एक शाम, जब हम अकेले होते हैं और जिंदगी की रफ्तार कुछ धीमी पड़ जाती है, तब अचानक हमारे भीतर कहीं कोई आवाज गूंजने लगती है। यह आवाज हमारे उन्हीं ख्वाबों की होती है, जो कभी हमारी आंखों में चमक बन कर बसे थे। जब कोई ठंडी हवा चेहरे को छूती है और हम अपनी जिंदगी के बीते वर्षों को याद करते हैं, तो दिल के किसी कोने से एक सवाल उठता है- 'क्या हुआ उन ख्वाबों का, जो कभी तुम्हारी आंखों में उम्मीदों की तरह चमकते थे?' यह सवाल हमें बेचैन कर देता है। हमें एहसास होता है कि कहीं न कहीं हमने अपने ख्वाबों को रास्ते में ही छोड़ दिया है।

जिंदगी की दौड़ में हम बहुत-सी चीजों को खो देते हैं। हम अपने शौक, अपनी मासूम इच्छाएं, और कभी-कभी अपनी पहचान भी खो बैठते हैं। दूसरों की अपेक्षाओं को पूरा करते-करते हम खुद की अपेक्षाओं को दबा देते हैं, लेकिन यह बेहद जरूरी है कि हम खुद को पूरी तरह से बदलने न दें। कभी इतना न बदल जाएं कि हम अपने असली ख्वाबों को ही भूल जाएं, क्योंकि यही ख्वाब थे, जिन्होंने हमें एक दिशा दी थी, जिन्होंने हमें आगे बढ़ने की प्रेरणा दी थी। अगर हम अपने ख्वाबों को मरने देंगे, तो हम धीरे-धीरे अपनी असल पहचान भी खो देंगे।

## सार-समाचार

# ऑल इंडिया ताइक्वांडो प्रतियोगिता के लिए खदीजा खान का चयन

**अनोखा तीर, खंडवा।** जिले की खेल प्रतिभाएं लगातार विभिन्न प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर खंडवा का नाम रोशन कर रही हैं। इसी क्रम में निमाड़ ताइक्वांडो क्लब की छात्रा खदीजा खान का चयन ऑल इंडिया ताइक्वांडो प्रतियोगिता के लिए हुआ है। समाजसेवी सुनील जैन ने बताया कि यह प्रतियोगिता 16 से 19 मार्च तक ओडिशा के भुवनेश्वर में आयोजित होगी, जिसमें देशभर के खिलाड़ी भाग लेंगे। खदीजा खान की इस उपलब्धि से खेल जगत और जिले के खिलाड़ियों में उत्साह का माहौल है। खदीजा खान के चयन पर निमाड़ ताइक्वांडो क्लब के संचालक मुगीस खान, शुभम जैन, नागेश वालंजकर, डॉ. गुर्जर, डॉ. अत्रीवाल, सीनियर कोच राजेंद्र राजपूत, मोहम्मद ज़ैद, शैलेंद्र वर्मा, विकास मोहे, हिमांशु राठवे, फ़ेज़ान खान, हिमांशु प्रजापति और सागर सोलंकी सहित अन्य खेल प्रेमियों ने बधाई देते हुए प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए शुभकामनाएं दी हैं।




# एलपीजी सिलेंडर की जमाखोरी रोकने जांच दल गठित

**अनोखा तीर, खंडवा।** आयुक्त, खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग से प्राप्त निर्देशानुसार एलपीजी गैस सिलेंडर की आपूर्ति और विपणन केवल घरेलू एलपीजी उपभोक्ताओं को किया जाएगा। कमर्शियल सिलेंडर अब केवल शैक्षणिक और चिकित्सकीय संस्थानों को ही उपलब्ध कराए जाएंगे। घरेलू एलपीजी उपभोक्ताओं को 25 दिवस के अंतराल पर ही बुकिंग की अनुमति रहेगी। शासन के निर्देशों के पालन में एलपीजी सिलेंडर के अवैध भंडारण, जमाखोरी और कालाबाजारी पर रोक लगाने के उद्देश्य से तहसीलवार जांच दल गठित किए गए हैं। जारी आदेश के अनुसार इन दलों में संबंधित क्षेत्र के तहसीलदार, नायब तहसीलदार, थाना प्रभारी और कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारियों को शामिल किया गया है। कलेक्टर ऋषव गुप्ता ने बताया कि ये दल संबंधित क्षेत्र के एसडीएम और एसडीओपी के निर्देशन में कार्रवाई करेंगे। दलों को अपने क्षेत्र की सभी एलपीजी गैस एजेंसियों के गोदामों का समय-समय पर आकस्मिक निरीक्षण करने के निर्देश दिए गए हैं। साथ ही घरेलू एलपीजी का व्यावसायिक प्रतिष्ठानों में उपयोग पाए जाने पर जब्ती की कार्रवाई तथा कहीं भी घरेलू एलपीजी सिलेंडरों की जमाखोरी या अवैध संग्रहण मिलने पर नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

# संकल्प से समाधान अभियान के तहत आज चार शिविर

**अनोखा तीर, खंडवा।** संकल्प से समाधान अभियान के तहत पात्र हितग्राहियों को शासन की विभिन्न योजनाओं का लाभ दिलाने के उद्देश्य से नगर निगम क्षेत्र में शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ. नागार्जुन बी. गौड़ा ने बताया कि इस अभियान के अंतर्गत 14 से 16 मार्च के बीच नगर निगम के विभिन्न वार्डों में शिविर लगाए जाएंगे। 14 मार्च को वार्ड क्रमांक 1 से 5 के नागरिकों के लिए नगर निगम के जोन क्रमांक 1 कार्यालय में शिविर आयोजित होगा। वार्ड क्रमांक 6 से 9 के लिए माता चौक चौराहे पर, वार्ड क्रमांक 29 से 32 के लिए झीलोद्यान स्थित जोन क्रमांक 4 कार्यालय में तथा वार्ड क्रमांक 33, 35 और 36 के नागरिकों के लिए लाल चौकी स्थित मांगलिक भवन में शिविर लगाए जाएंगे। इसी क्रम में 15 मार्च को वार्ड क्रमांक 10 से 15 के लिए भगतसिंह चौराहे पर, वार्ड क्रमांक 16 से 24 के लिए नगर निगम कार्यालय में, वार्ड क्रमांक 39 से 45 के लिए बड़ा बम चौराहे पर तथा वार्ड क्रमांक 47 से 50 के लिए नवचंडी मेला ग्राउंड पर शिविर आयोजित किए जाएंगे। 16 मार्च को वार्ड क्रमांक 25 से 28 के नागरिकों के लिए गौशाला चौराहे पर तथा वार्ड क्रमांक 34, 37, 38 और 46 के लिए सिंधी धर्मशाला में शिविर लगाए जाएंगे। सभी शिविर प्रातः 11 बजे से दोपहर 3 बजे तक आयोजित होंगे।

# ग्रामीण क्षेत्रों में आज भी लगेंगे एचपीवी के टीके

**अनोखा तीर, खंडवा।** महिलाओं को सर्वाइकल कैंसर से बचाव के उद्देश्य से जिले में एचपीवी टीकाकरण अभियान जारी है। इसके तहत 14 से 15 वर्ष आयु वर्ग की किशोरियों को एचपीवी के टीके लगाए जा रहे हैं। कलेक्टर ऋषव गुप्ता ने नागरिकों से अपील की है कि वे अपनी बालिकाओं को निकटतम टीकाकरण केंद्र पर ले जाकर एचपीवी का टीका अवश्य लगवाएं। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार 14 मार्च को खंडवा ब्लॉक के बोरगांवखुर्द कन्या छात्रावास सहित विभिन्न प्राथमिक एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों पर टीकाकरण किया जाएगा। पंधाना, हरसूद, किल्लौद, छैगांवमाखन, पुनासा और खालवा विकासखंड के कई ग्राम पंचायतों से संबंधित किशोरियों का टीकाकरण उनके निकटतम स्वास्थ्य केंद्रों में किया जाएगा, ताकि अधिक से अधिक बालिकाओं को इस अभियान का लाभ मिल सके।



# स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा, एएनएम की दो वेतनवृद्धि रोकने के निर्देश

**अनोखा तीर, खंडवा।** कलेक्टर ऋषव गुप्ता ने शुक्रवार को जनपद पंचायत खंडवा के सभाकक्ष में जावर विकासखंड के स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी-कर्मचारियों की समीक्षा बैठक ली। उन्होंने गर्भवती महिलाओं की प्रसवपूर्व स्वास्थ्य जांच समय पर करने के निर्देश देते हुए कहा कि गर्भावस्था के नौ माह के दौरान कम से कम चार बार स्वास्थ्य परीक्षण स्वास्थ्य कार्यकर्ता और सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी द्वारा किया जाना आवश्यक है। बैठक में मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. ओपी जुगतावत, जिला स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. रश्मि कौशल, डीपीएम शैलेंद्र सोलंकी, जावर के विकासखंड चिकित्सा अधिकारी सहित स्वास्थ्य विभाग के सुपरवाइजर, स्वास्थ्य कार्यकर्ता और कम्प्यूटर ऑपरेटर उपस्थित थे। समीक्षा के दौरान कलेक्टर ने निर्देश दिए कि गर्भवती महिलाओं की स्वास्थ्य जांच से संबंधित जानकारी विभागीय पोर्टल पर अनिवार्य रूप से दर्ज की जाए। ग्राम अमलपुरा की एएनएम नीता तिरोले द्वारा गर्भवती महिलाओं के रक्तचाप की सही जानकारी पोर्टल पर अपडेट नहीं करने पर उनकी दो वेतनवृद्धि रोकने के निर्देश दिए गए। उन्होंने एनीमिक गर्भवती महिलाओं के मामलों में विशेष सावधानी बरतने के लिए चिकित्सा अधिकारियों और एएनएम को निर्देशित किया तथा संस्थागत प्रसव को बढ़ावा देकर मातृ एवं शिशु मृत्यु दर कम करने के प्रयास तेज करने को कहा। बैठक में कलेक्टर ने बड़गांवमाली और बड़गांव गुर्जर में शिविर लगाकर गर्भवती महिलाओं की स्वास्थ्य जांच कराने के निर्देश दिए।

# अधूरी पेयजल योजनाएं जल्द पूर्ण करने के निर्देश

**अनोखा तीर, खंडवा।**

कलेक्टर ऋषव गुप्ता ने गुरुवार शाम जल जीवन मिशन के अंतर्गत प्रगतिरत नल जल योजनाओं की प्रगति की विस्तार से समीक्षा की। जनपद पंचायत खंडवा के सभाकक्ष में आयोजित बैठक में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ. नागार्जुन बी. गौड़ा, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग की कार्यपालन यंत्री वर्षा शिवपुरे, जिला स्तरीय समिति के सदस्य सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे। बैठक में अधूरी पेयजल योजनाओं वाले गांवों के सरपंच और सचिवों से एक-एक कर चर्चा करते हुए सभी को इस माह के अंत तक योजनाएं हर हाल में पूर्ण करने के निर्देश दिए गए।




कलेक्टर ने सभी जनपद पंचायतों के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों को निर्देश दिए कि पूर्ण हो चुकी नल जल योजनाओं को उनकी देखरेख में पंचायतों को हस्तांतरित कराया जाए। उन्होंने कहा कि इन योजनाओं का संयुक्त निरीक्षण जनपद के मुख्य कार्यपालन अधिकारी और लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के सहायक यंत्री करें तथा यदि कोई कमी पाई जाए तो उसे तत्काल पूरा कराया जाए। सभी कमियां दूर होने के बाद ही पेयजल योजना पंचायत को सौंपी जाए। बैठक में कलेक्टर ने यह भी कहा कि गांवों में संचालित पेयजल योजनाओं के व्यवस्थित संधारण के लिए ग्रामीणों से जलकर की नियमित वसूली की जाए। जलकर वसूली नहीं होने पर पंचायतों को योजनाओं के रखरखाव में कठिनाई आ सकती है। खालवा विकासखंड की पंचायतों में जल जीवन मिशन के कार्यों में प्रगति संतोषजनक नहीं पाए जाने पर उन्होंने नाराजगी व्यक्त की और निर्देश दिए कि ग्रीष्म ऋतु शुरू होने से पहले क्षेत्र की सभी पंचायतों में पेयजल व्यवस्था सुनिश्चित की जाए।

# जिमखाना मैदान पर पहली बार रात्रिकालीन महापौर ट्रॉफी क्रिकेट प्रतियोगिता

**अनोखा तीर, खंडवा।** शहर के जिमखाना क्रिकेट मैदान पर पहली बार रात्रिकालीन महापौर ट्रॉफी 2026 क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। प्रतियोगिता का आयोजन पार्षद एवं एमआईसी सदस्य विक्की बावरे और जवाहरगंज समिति द्वारा 11 मार्च से किया गया है, जो 18 मार्च तक चलेगी। फाइनल मुकाबला 18 मार्च को खेला जाएगा। प्रतियोगिता में विजेता टीम को 51 हजार और उपविजेता को 21 हजार रुपए ट्रॉफी के साथ प्रदान किए जाएंगे। समाजसेवी व प्रवक्ता सुनील जैन ने बताया कि लेदर बॉल नाइट टूर्नामेंट में कुल 16 टीमें भाग ले रही हैं। उद्घाटन मैच साइन क्रिकेट क्लब और महाकाल क्रिकेट क्लब के बीच खेला गया, जिसमें साइन क्रिकेट क्लब ने जीत दर्ज की। दूसरा मैच श्रीकृष्ण क्रिकेट क्लब और केकेआर क्रिकेट क्लब के बीच हुआ, जिसमें श्रीकृष्ण टीम विजयी रही। गुरुवार रात जिमखाना मैदान पर सुपर किंग और खंडवा गोल्ड के बीच मुकाबला हुआ, जिसमें सुपर किंग ने जीत दर्ज की। शुक्रवार को रात्रिकालीन पहला मैच जिमखाना क्रिकेट क्लब और तिरुपति वाला क्रिकेट क्लब के बीच खेला गया। प्रतियोगिता में महापौर अमृता अमर यादव, परिषद अध्यक्ष अनिल विश्वकर्मा, पूर्व विधायक देवेंद्र वर्मा, सेवादास पटेल, हरीश कोटवाले, राजेश तिवारी, राजेश यादव, सुनील जैन, सोमनाथ काले, तपन डोंगरे, प्रियांशु चौरे, सागर आरतानी, निलेश निदाने, प्रवीण पांडे सहित बड़ी संख्या में खेल प्रेमी उपस्थित रहे। अतिथियों का स्वागत प्रतियोगिता संयोजक विक्की बावरे ने किया।




# देहदानी कांता बेन पटेल को गार्ड ऑफ ऑनर से अंतिम विदाई दी



**अनोखा तीर, खंडवा।**

जूनी इंदौर लाइन स्थित उमिया भवन के सामने निवासी कांता बेन पटेल का 85 वर्ष की आयु में निधन हो गया। उनकी अंतिम इच्छा के अनुसार परिजनों की सहमति से नेत्रदान और देहदान किया गया। शुक्रवार सुबह नेत्रदान की प्रक्रिया पूर्ण की गई और बाद में पार्थिव देह मेडिकल कॉलेज को दान की गई। लायन्स नेत्रदान, देहदान एवं अंगदान जनजागृति समिति के संयोजक नारायण बाहेती और समाजसेवी सुनील जैन ने बताया कि पुत्र किरण भाई पटेल और गौतम भाई पटेल की सहमति से समिति के सहयोग से यह प्रक्रिया पूरी की गई। प्रदेश सरकार की घोषणा के अनुरूप देहदानी को सम्मान देने के लिए पुलिस अधीक्षक मनोज राय के निर्देश पर नोडल अधिकारी सूबेदार जामोद के नेतृत्व में पुलिस दल ने किरण विला निवास पर पार्थिव देह को गार्ड ऑफ ऑनर प्रदान किया। इसके बाद अंतिम यात्रा निवास से मेडिकल कॉलेज खंडवा के लिए निकाली गई। समिति के सहयोग से यह 522वां नेत्रदान और 23वां देहदान रहा। मेडिकल कॉलेज पहुंचने पर डॉक्टरों, मेडिकल विद्यार्थियों और नागरिकों ने पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। श्रद्धांजलि सभा में डीन डॉ. संजय दादू, डॉ. विनित गोहिया, डॉ. राजीव जोशी, डॉ. बुद्धदेव घोष, डॉ. नितिन नाईक सहित अन्य गणमान्य नागरिकों ने देहदान को समाज के लिए प्रेरणादायी बताते हुए श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर बड़ी संख्या में परिजन, सामाजिक संस्थाओं के सदस्य और नागरिक उपस्थित रहे।



# पात्र परिवारों को मार्च व अप्रैल माह का खाद्यान्न एक साथ वितरित होगा

**अनोखा तीर, खंडवा।**

सार्वजनिक वितरण प्रणाली के तहत उचित मूल्य दुकानों के माध्यम से गरीब पात्र परिवारों को निःशुल्क खाद्यान्न उपलब्ध कराया जाता है। जिला आपूर्ति ने बताया कि शासन से प्राप्त निर्देश अनुसार इस बार मार्च एवं अप्रैल माह की राशन सामग्री एक साथ वितरित की जाएगी। इसके लिए हितग्राही को उचित मूल्य दुकानों पर लगायी गयी पीओएस मशीन से एक बार मार्च माह के लिए तथा दूसरी बार अप्रैल माह के लिए अर्थात कुल 2 बार अपना अंगूठा मशीन पर लगाकर बायोमेट्रिक सत्यापन कराना होगा। दो बार अंगूठा लगाने के बाद उचित मूल्य दुकान के विक्रेता द्वारा हितग्राही को दोनो माहों की राशन सामग्री एकसाथ दी जाएगी। उन्होंने सभी पात्र परिवारों से अपील की है कि उचित मूल्य दुकान पर जाकर दो बार बॉयोमेट्रिक सत्यापन अर्थात अंगूठा लगाकर मार्च एवं अप्रैल दोनो माह का खाद्यान्न प्राप्त करें तथा मशीन से प्रिंट 2 पावती भी जरूर प्राप्त करें।

# अधिकारों के प्रति जागरूक हों महिलाएं, तभी होगा सशक्त समाज का निर्माणः प्रवीण शर्मा

**अनोखा तीर, खंडवा।**

अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर विश्वास परियोजना द्वारा सेंट मैरी कैंपस, गणेश तलाई में महिलाओं के अधिकारों पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया।




कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। समाजसेवी सुनील जैन ने बताया कि कार्यक्रम में बाल कल्याण समिति खंडवा के अध्यक्ष प्रवीण शर्मा मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे, जबकि शिक्षाविद और वूमेन इंपावरमेंट जिला संयोजक हर्षा शर्मा विशिष्ट अतिथि रहीं। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रोजेक्ट डायरेक्टर सिस्टर स्टेला ने की तथा संचालन अमर सिंह ने किया। कार्यक्रम में महिलाओं को उनके संवैधानिक और कानूनी अधिकारों की जानकारी दी गई। मुख्य अतिथि प्रवीण शर्मा ने पावर पॉइंट प्रेजेंटेशन के माध्यम से महिलाओं के अधिकार, बाल संरक्षण कानून, घरेलू हिंसा अधिनियम तथा शासन की विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि महिलाओं को अपने अधिकारों के प्रति जागरूक होना समय की आवश्यकता है, क्योंकि जागरूक महिला ही परिवार और समाज को सशक्त बना सकती है। विशिष्ट अतिथि हर्षा शर्मा ने कहा कि महिला सशक्तिकरण का आधार शिक्षा, आत्मविश्वास और अधिकारों की सही जानकारी है। जब महिलाएं अपने अधिकारों को जानती हैं, तभी वे अन्याय के खिलाफ आवाज उठा सकती हैं। कार्यक्रम में विश्वास परियोजना के पदाधिकारी, कार्यकर्ता और बड़ी संख्या में महिलाएं उपस्थित रहीं। अंत में अतिथियों के प्रति आभार व्यक्त किया गया।



# आदिनाथ जयंती पर जैन छात्रावास परिवार की भजन प्रस्तुति

**अनोखा तीर, खंडवा।** महावीर जन्म कल्याण महोत्सव के तहत जैन धर्म के प्रथम तीर्थंकर भगवान आदिनाथ की जयंती के अवसर पर जैन छात्रावास परिवार द्वारा भजन संध्या का आयोजन किया गया। मोघट रोड स्थित जैन मंदिर परिसर में आयोजित कार्यक्रम में भगवान महावीर के भजनों की प्रस्तुति से वातावरण भक्तिमय हो गया। समाज के सचिव सुनील जैन ने बताया कि अहिंसा और जियो और जीने दो का संदेश देने वाले भगवान महावीर स्वामी का जन्म महोत्सव 30 मार्च को धार्मिक उत्साह के साथ मनाया जाएगा। भगवान आदिनाथ जयंती से लेकर भगवान महावीर जयंती तक प्रतिदिन समाज के विभिन्न मंडलों द्वारा भजन संध्या, पालना झुलाने और सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। कार्यक्रम में भजन और गरबा नृत्य की प्रस्तुतियों के माध्यम से श्रद्धालुओं ने भक्ति भाव से भगवान महावीर का गुणगान किया। इस अवसर पर विजय सेठी, वीरेंद्र भटयाण, पंकज छाबड़ा, सुनील जैन, प्रेमांशु चौधरी, स्वर्ण जैन, अर्पित जैन, जिनेंद्र जैन, रक्षा जैन, ऋतु जैन, शीतल जैन सहित बड़ी संख्या में महिला-पुरुष उपस्थित रहे। समाज द्वारा 30 मार्च तक शहर के विभिन्न क्षेत्रों में अलग-अलग मंडलों के माध्यम से प्रतिदिन भजन संध्या और धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा।

# मध्यप्रदेश के सांसदों ने लोकसभा अध्यक्ष से की सौजन्य भेंट

**अनोखा तीर, खंडवा।**

मध्यप्रदेश के लोकसभा सांसदों ने गुरुवार को नई दिल्ली में लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला से सौजन्य भेंट कर उनका अभिवादन किया। इस दौरान सांसदों ने संसद में आए अविश्वास प्रस्ताव के दौरान सदन की कार्यवाही को कुशलतापूर्वक और गरिमापूर्ण ढंग से संचालित करने के लिए उन्हें बधाई और शुभकामनाएं दीं। समाजसेवी सुनील जैन ने बताया कि सांसदों ने कहा कि संसद देश के लोकतंत्र का सर्वोच्च मंच है और ऐसे महत्वपूर्ण अवसरों पर सदन की कार्यवाही को संयम, धैर्य और निष्पक्षता के साथ संचालित करना अत्यंत आवश्यक होता है। लोकसभा अध्यक्ष ने जिस संतुलन और गरिमा के साथ अविश्वास प्रस्ताव पर चर्चा के दौरान सदन का संचालन किया, वह लोकतांत्रिक परंपराओं को मजबूत करने वाला कदम है। भेंट के दौरान संसदीय परंपराओं, लोकसभा की कार्यप्रणाली और जनहित से जुड़े विभिन्न विषयों पर भी चर्चा हुई। सांसद ज्ञानेश्वर पाटिल ने कहा कि संसद में स्वस्थ और सार्थक बहस लोकतंत्र की मजबूती का आधार है और इसमें लोकसभा अध्यक्ष की भूमिका महत्वपूर्ण होती है। इस अवसर पर सांसदों ने लोकसभा अध्यक्ष के नेतृत्व की सराहना करते हुए विश्वास व्यक्त किया कि उनके मार्गदर्शन में संसद की कार्यवाही आगे भी इसी प्रकार गरिमामय और सुचारु रूप से संचालित होती रहेगी।



# ओंकारेश्वर में अब वृद्धाश्रम में रक्तदान की सुविधा

**अनोखा तीर, खंडवा।** रक्तदान के प्रति जनजागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से तीर्थस्थल ओंकारेश्वर में आने वाले श्रद्धालुओं के लिए जिला प्रशासन ने नई पहल शुरू की है। इसके तहत ओंकारेश्वर में रक्तदान करने वाले श्रद्धालुओं को ज्योतिर्लिंग मंदिर में वीआईपी प्रोटोकॉल के अनुसार निःशुल्क दर्शन की सुविधा दी जा रही है। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. ओपी जुगतावत ने बताया कि पहले रक्तदान केंद्र प्रसादालय में संचालित किया जा रहा था। श्रद्धालुओं की सुविधा को ध्यान में रखते हुए अब मंदिर के पास स्थित वृद्धाश्रम में नया रक्तदान केंद्र बनाया गया है, ताकि अधिक से अधिक श्रद्धालु रक्तदान के लिए प्रेरित हो सकें।

# नेशनल लोक अदालत आज, 21 खंडपीठों का गठन

**अनोखा तीर, खंडवा।**

मध्यप्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के निर्देशानुसार न्यायालयों में लंबित राजीनामा योग्य तथा प्री-लिटिगेशन प्रकरणों के निराकरण के लिए नेशनल लोक अदालतों का आयोजन किया जाता है। वर्ष 2026 में मार्च, मई, सितम्बर और दिसम्बर माह में कुल चार नेशनल लोक अदालतें आयोजित की जाएंगी। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव पियूष भावे ने बताया कि वर्ष 2026 की पहली नेशनल लोक अदालत 14 मार्च को आयोजित होगी। इसके लिए जिला न्यायालय खंडवा तथा तहसील सिविल न्यायालय हरसूद और पुनासा में कुल 21 खंडपीठों का गठन किया गया है। इन खंडपीठों के माध्यम से विभिन्न प्रकार के समझौता योग्य प्रकरणों का आपसी सहमति के आधार पर निराकरण किया जाएगा। प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश ममता जैन ने नागरिकों से अपील की है कि वे अधिक से अधिक संख्या में अपने लंबित और प्री-लिटिगेशन प्रकरणों के निराकरण के लिए 14 मार्च को आयोजित नेशनल लोक अदालत में उपस्थित होकर इस अवसर का लाभ उठाएं। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को भी अपने विभागों से जुड़े अधिकाधिक राजीनामा योग्य प्रकरण लोक अदालत में प्रस्तुत करने के निर्देश दिए हैं। नेशनल लोक अदालत में सिविल और आपराधिक शमनीय प्रकरण, परक्राम्य अधिनियम की धारा 138 के मामले, बैंक रिकवरी, मोटर दुर्घटना क्षतिपूर्ति दावा, वैवाहिक प्रकरण, श्रम विवाद, भूमि अधिग्रहण, विद्युत बिल, जलकर, संपत्तिकर तथा सेवा निवृत्ति लाभ से जुड़े मामलों सहित अन्य राजीनामा योग्य और प्री-लिटिगेशन प्रकरणों का निराकरण किया जाता है।

## सार-समाचार

### खड़ी फसल में लगी आग, कई एकड़ की फसल जलकर खाक

**अनोखा तीर, सिवनी मालवा।** ग्राम चौतलाय में शुक्रवार दोपहर खड़ी फसल में आग लगने से कई एकड़ जमीन जलकर खाक हो गई है। वहीं घटना के बाद ग्रामीण आग बुझाने में जुटे हुए थे एवं फायर विग्रेड सहित साधनों से आग बुझाने का प्रयास किया जा रहा है। ज्ञात हो कि क्षेत्र में ऐसी घटनाएं पहले भी हुई हैं।



जिसमें गेहूं की फसल जलकर राख हो गई थी, जिससे लगभग लाखों का रुपए का नुकसान हुआ था। आग लगने के कारणों का अभी पता नहीं चल पाया है, लेकिन ऐसी घटनाओं में किसानों को नुकसान पहुंचा रहा है। किसानों को सावधानी बरतने की अपील प्रशासन द्वारा किसानों से अपील की जा रही है कि वे खेतों में आग लगने से बचाव के लिए सावधानी बरतें। खेतों में बिजली के तारों में शॉर्ट सर्किट न हो, इसका ध्यान रखें। दोपहर के टाइम खेत में रहे और थोड़ी सी भी आग देखने पर तुरंत प्रशासन को जानकारी दें।

### श्रीश्री बूढ़ी माता मंदिर परिसर में रामचरितमानस सत्संग कल

**अनोखा तीर, इटारसी।** नगर स्थित श्री बूढ़ी माता मंदिर परिसर मालवीय गंज में 15 मार्च रविवार एकादशी को प्रात : 10 से 5 बजे तक श्री रामचरितमानस सत्संग का आयोजन किया जा रहा है।



कार्यक्रम की जानकारी देते हुए श्री बूढ़ी माता मंदिर समिति के सचिव जगदीश मालवीय ने बताया कि श्री रामचरितमानस सत्संग परिवार द्वारा बूढ़ी माता मंदिर परिसर में रविवार को श्री रामचरितमानस सत्संग कार्यक्रम ( श्री नट्टी रामायण जी ) आयोजित किया जा रहा है। जिसमें तीन जिलों से श्री रामचरितमानस के मूर्धन्य विद्वान प्रवक्ता एवं गायक साधक भक्त पधार रहे हैं। अत : शहर की भगवान स्वरूपी धर्मप्रेमी जनता से अनुरोध है। कृपया सत्संग में पधार कर धर्म लाभ अर्जित करें एवं सेवा का अवसर प्रदान करें। कार्यक्रम रविवार को सुबह 10 बजे से शुरू होगा और शाम पांच बजे तक चलेगा।

### कांग्रेस ने किया गैस किल्लत को लेकर विरोध प्रदर्शन

**अनोखा तीर, माखननगर।** गैस एवं पेट्रोल की किल्लत को लेकर कांग्रेस द्वारा विरोध प्रदर्शन किया गया। कांग्रेस द्वारा गैस सिलेंडर को कबाड़ा रूप



प्रदर्शित कर माखन स्मारक से ठाकुर मोहल्ला तक रैली निकाली एवं सरकार विरोधी नारे लगाए। विरोध रैली में पुष्पराज पटेल, ब्लॉक अध्यक्ष मोनू पटेल, नगर अध्यक्ष रत्नेश बडगूजर सहित अनेकों कांग्रेस जन शामिल रहे।

# घरेलू गैस सिलेंडर वितरण सुचारू रखने के निर्देश

### एसडीएम ने गैस वितरकों की बैठक ली

**अनोखा तीर, सिवनी मालवा।**

नगर में शुक्रवार को एलपीजी गैस वितरण व्यवस्था की समीक्षा बैठक एसडीएम डॉ. बबीता राठौर द्वारा अनुविभाग कार्यालय में आयोजित की गई। बैठक में जेएसओ, तहसीलदार, नायब तहसीलदार गैस एजेंसियों के प्रबंधक उपस्थित रहे। बैठक के दौरान संबंधित गैस एजेंसियों से उपलब्ध स्टॉक, मासिक सप्लाई तथा घरेलू एवं व्यावसायिक उपभोक्ताओं की जानकारी प्राप्त की गई। एसडीएम डॉ. राठौर ने सभी वितरकों को शासन द्वारा जारी निर्देशों का पूर्णतः पालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। बैठक में यह भी निर्देशित किया गया कि व्यावसायिक गैस सिलेंडरों की आपूर्ति केवल अस्पतालों एवं शासकीय संस्थाओं को ही की जाए। इसके अतिरिक्त सभी गैस एजेंसियों को उपभोक्ताओं को घरेलू गैस सिलेंडर का वितरण निर्बाध एवं सुचारू रूप से करने के लिए कहा गया कि गैस वितरण व्यवस्था में किसी प्रकार की अनियमितता पाए जाने पर संबंधित के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।



### रसोई गैस सिलेंडर की भारी किल्लत से हाहाकार!

शहर में उपभोक्ताओं को सिलेंडर के लिए दर-दर भटकना पड़ रहा है। शुक्रवार को जिसके चलते अब पुलिस सुरक्षा में गैस का वितरण किया जा रहा है। स्थानीय उपभोक्ताओं का आरोप है कि कई दिनों से गैस एजेंसी के चक्कर लगाने के बावजूद उन्हें सिलेंडर नहीं मिल पा रहे हैं। उनका कहना है कि एजेंसी संचालक स्थिति को लेकर कोई स्पष्ट जानकारी नहीं दे रहे हैं, जिससे उनमें आक्रोश बढ़ रहा है।

### इनका कहना है

बताया कि बुकिंग के बाद उपभोक्ताओं को गैस सिलेंडर दिए जा रहे हैं। उपभोक्ताओं द्वारा कर्मचारियों से गाली-गलौज कर परेशान किया जाता है। इसलिए गैस सिलेंडर थाने से वितरण किया जा रहा है।

**– मनीष अग्रवाल, गैस एजेंसी संचालक सिवनी मालवा।**

# गैस सिलेंडर की बुकिंग आसान करने व कालाबाजारी रोकने की मांग

### - नगर कांग्रेस ने एसडीएम को सौंपा ज्ञापन



**अनोखा तीर, नर्मदापुरम।**

नगर कांग्रेस कमेटी नर्मदापुरम द्वारा घरेलू गैस सिलेंडर की बुकिंग को आसान बनाने और गैस की कालाबाजारी पर रोक लगाने की मांग को लेकर एसडीएम जय सिंह सोलंकी एवं सिटी मजिस्ट्रेट देवेंद्र प्रताप सिंह को ज्ञापन सौंपा गया। कांग्रेस नेताओं ने प्रशासन से इस संबंध में त्वरित कदम उठाने की मांग की। ज्ञापन के माध्यम से कांग्रेस नेताओं ने बताया कि शहर में गैस सिलेंडर की उपलब्धता और बुकिंग की समस्या के कारण आम नागरिकों के साथ-साथ होटल और टिफिन सेंटर संचालकों को भी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। शहर में बड़ी संख्या में बाहर से आए छात्र किराये के कमरों में रहकर पढ़ाई करते हैं, जो होटल या टिफिन सेंटर से भोजन मंगवाकर अपना गुजारा करते हैं।

कांग्रेस नेताओं का कहना है कि यदि गैस संकट की स्थिति बनी रही तो होटल और टिफिन सेंटर बंद होने की स्थिति बन सकती है, जिससे हजारों छात्रों के सामने भोजन का संकट खड़ा हो सकता है। इस स्थिति को देखते हुए कांग्रेस ने प्रशासन से मांग की है कि गैस सिलेंडर की बुकिंग प्रक्रिया को सरल बनाया जाए तथा कालाबाजारी पर सख्ती से रोक लगाई जाए। साथ ही कांग्रेस नेताओं ने यह भी सुझाव दिया कि गैस संकट की स्थिति को देखते हुए शिक्षण संस्थानों में अस्थायी अवकाश घोषित किया जाए, निजी कंपनियों में वर्क फ्रॉम होम की व्यवस्था लागू की जाए तथा सभी प्रकार के शासकीय आयोजनों पर भी अस्थायी रोक लगाई जाए, ताकि गैस की खपत कम हो सके और आम जनता को राहत मिल सके। इस अवसर पर कमलेश बाथरे, अनोखी राजोरिया, धर्मेंद्र तिवारी, अरुण दीक्षित, मीना वर्मा, अनुराग मलैया, शिवमंगल सिंह, अजीत विष्ट, कुसुम तोमर, कीर्ति मिश्रा, अजय शर्मा, हेमंत चौधरी, सूरज तिवारी, गुलाम हैदर, धीरज शर्मा, नीरज सैनी, संतोष तोमर, बब्लू राठौर, लखन रघुवंशी, विक्की जमनानी, अमित खत्री, विक्की आर्य, विजेंद्र राजपूत, जितेंद्र गुरेले, रिजवान खान, दीपक सिसोदिया, धीरज बहुत्रा, शेख पप्पू, महमूद, अंकित दुबे, प्रताप ठाकुर, आफरीद खान, रोहन जैन, शैलू, दिलीप अहिरवार, अजहर खान, जीत सिंह, ऋतिक चौहान, बलबीर चौहान सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# किसान खेत पाठशाला : दूसरे दिन दिया नरवाई प्रबंधन का प्रशिक्षण

### - ग्रीष्मकालीन मूंग के स्थान पर मूंगफली और उड़द की बुवाई के लिए किया प्रोत्साहित

**अनोखा तीर, माखन नगर।** कृषि विभाग द्वारा किसानों को उन्नत कृषि तकनीकों और पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से विकासखंड माखन नगर के विभिन्न ग्रामों में किसान खेत पाठशाला का आयोजन किया जा रहा है। गुरुवार को इस पाठशाला का दूसरा दिन संपन्न हुआ। जिसमें कृषि विस्तार अधिकारियों ने किसानों से सीधा संवाद कर महत्वपूर्ण तकनीकी सलाह दी। पाठशाला के दौरान कृषि विस्तार अधिकारियों ने किसानों को नरवाई फसल अवशेष जलाने से होने वाले नुकसान के प्रति सचेत किया। उन्होंने बताया कि नरवाई जलाने से न केवल पर्यावरण प्रदूषित होता है, बल्कि भूमि की उर्वरा शक्ति और मित्र कीट भी नष्ट हो जाते हैं। अधिकारियों ने किसानों को फसल अवशेषों के उचित प्रबंधन के वैज्ञानिक तरीके समझाए, जिससे मिट्टी के स्वास्थ्य को सुधारा जा सके।



**इन ग्रामों में आयोजित हुई पाठशाला-** आज की किसान खेत पाठशाला मुख्य रूप से आहारखेड़ा और मांगरोल, शुक्रवाड़ाफॉर्म और पवारखेड़ा खुर्द, जावली और मारा गांव, सतवासा एवं सांगाखेड़ा खुर्द ग्रामों में आयोजित की गई। इन कार्यक्रमों में बड़ी संख्या में स्थानीय किसानों ने भाग लिया और कृषि विभाग की योजनाओं व उन्नत खेती के तरीकों की जानकारी प्राप्त की।

### फसल विविधीकरण : मूंग के स्थान पर अन्य विकल्प

इस सत्र में ग्रीष्मकालीन फसलों के चयन पर विशेष चर्चा की गई। कृषि विशेषज्ञों ने किसानों को सलाह दी कि वे पारंपरिक रूप से ली जाने वाली ग्रीष्मकालीन मूंग के स्थान पर मूंगफली एवं उड़द की बोनी को प्राथमिकता दें। यह बदलाव न केवल मृदा स्वास्थ्य के लिए लाभकारी है, बल्कि किसानों के लिए आर्थिक रूप से भी अधिक फायदेमंद साबित हो सकता है।

# सलकनपुर पैदल यात्रा बनी अग्नि परीक्षा

### ● तपती सड़क, टूटा मार्ग और 40 डिग्री गर्मी में नंगे पैर चलने को मजबूर श्रद्धालु




**अनोखा तीर, बुदनी।** चैत्र नवरात्रि के पावन पर्व पर हर वर्ष बड़ी संख्या में श्रद्धालु मां विजयासन देवी सलकनपुर के दर्शन के लिए पैदल यात्रा करते हैं। कई श्रद्धालु आस्था के चलते नंगे पैर लंबी दूरी तय कर मंदिर तक पहुंचते हैं, लेकिन इस बार उनकी यह यात्रा किसी अग्नि परीक्षा से कम नहीं लग रही है। इन दिनों क्षेत्र में भीषण गर्मी का दौर शुरू हो चुका है और तापमान 40 डिग्री के पार पहुंच रहा है। ऐसे में तपती सड़क पर नंगे पैर चलना ही श्रद्धालुओं के लिए बड़ी चुनौती बना हुआ है। इसके साथ ही सलकनपुर मार्ग की बदहाल सड़क उनकी परेशानी को और बढ़ा रही है। पदयात्रियों का कहना है कि रास्ते में कई जगह सड़क उखड़ी हुई है, कहीं बड़े-बड़े गड्ढे हैं तो कहीं धूल, मिट्टी और गिट्टी फैली हुई है। ऐसे में नंगे पैर चलना बेहद कठिन हो रहा है। कई श्रद्धालुओं को पैरों में चोट लगने का खतरा भी बना रहता है। हर साल नवरात्रि में हजारों की संख्या में श्रद्धालु इस मार्ग से पैदल सलकनपुर पहुंचते हैं, लेकिन सड़क की खराब स्थिति और व्यवस्थाओं की कमी के कारण उन्हें काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

### ● करोड़ों की लागत से बनी डोलरिया उप कृषि मंडी बन रही खंडहर, कोरोना काल से बंद पड़ी मंडी

# 50-60 गांवों के हजारों किसानों को उपज बेचने के लिए जाना पड़ रहा दूर

**गजेन्द्र राजपूत, नर्मदापुरम।**

जिला मुख्यालय नर्मदापुरम से करीब 22 किमी. दूर स्थित ग्राम डोलरिया में करोड़ों रुपए की लागत से निर्मित उप कृषि मंडी इन दिनों बदहाली का शिकार होकर धीरे-धीरे खंडहर में तब्दील होती जा रही है। जानकारी के अनुसार यह मंडी कोरोना काल से ही बंद पड़ी हुई है, जिसके कारण मंडी परिसर में बने शेड, कार्यालय और अन्य संरचनाएं जर्जर होने लगी हैं। रखरखाव के अभाव में मंडी परिसर में जगह-जगह घास-फूस उग आई है और भवनों की स्थिति भी खराब होती जा रही है। स्थानीय किसानों का कहना है कि मंडी बंद होने से क्षेत्र के किसानों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। किसानों को अपनी उपज बेचने के लिए नर्मदापुरम, इटारसी और सिवनी मालवा की कृषि उपज मंडियों तक जाना पड़ता है। इससे किसानों का समय और ईंधन दोनों अधिक खर्च होते हैं, वहीं छोटे किसानों के लिए यह अतिरिक्त आर्थिक बोझ बन जाता है। ग्रामीणों के अनुसार डोलरिया उप कृषि मंडी से लगभग 50 से 60 गांव जुड़े हुए हैं, जहां के हजारों किसान गेहूं, सोयाबीन, चना, मक्का सहित अन्य फसलें पैदा करते हैं। यदि डोलरिया मंडी चालू हो जाए तो किसानों को अपने ही क्षेत्र में उपज बेचने की सुविधा मिल सकती है और उन्हें दूर-दराज की मंडियों पर निर्भर नहीं रहना पड़ेगा।



किसानों ने यह भी कहा कि यदि इस मंडी को व्यवस्थित रूप से संचालित किया जाए तो यहां थोक सब्जी मंडी भी शुरू की जा सकती है। इससे आसपास के गांवों के सब्जी उत्पादक किसानों को बड़ा लाभ मिलेगा और स्थानीय स्तर पर सब्जी व्यापार को भी बढ़ावा मिलेगा। वर्तमान में लोगों को सब्जी खरीदने और बेचने के लिए इटारसी, नर्मदापुरम और सिवनी मालवा की मंडियों पर निर्भर रहना पड़ता है। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि करोड़ों रुपए की लागत से बनी इस मंडी का उपयोग नहीं होने से सरकारी धन भी व्यर्थ जा रहा है। यदि प्रशासन और संबंधित विभाग समय रहते इस ओर ध्यान दें और मंडी को पुनः शुरू कराएं तो यह क्षेत्र के किसानों, व्यापारियों और आम लोगों के लिए काफी लाभदायक साबित हो सकती है।

### अधिकारियों ने कहा -जल्द करेंगे निरीक्षण

इस मामले को लेकर जब मीडिया ने कृषि उपज मंडी के नवागत सचिव से चर्चा की तो उन्होंने बताया कि उन्होंने लगभग आठ दिन पहले ही पिपरिया से नर्मदापुरम में पदभार ग्रहण किया है। उन्होंने कहा कि मीडिया के माध्यम से उन्हें डोलरिया उप कृषि मंडी के संबंध में जानकारी मिली है। सचिव ने कहा कि वह शीघ्र ही डोलरिया उप कृषि मंडी का निरीक्षण करेंगे। निरीक्षण के बाद वहां के व्यापारियों और संबंधित लोगों से चर्चा कर डोलरिया उप कृषि मंडी को फिर से शुरू करने के प्रयास किए जाएंगे, ताकि क्षेत्र के किसानों को अपनी उपज बेचने में सुविधा मिल सके। किसानों को उम्मीद है कि यदि प्रशासन इस दिशा में जल्द पहल करता है तो वर्षों से बंद पड़ी यह मंडी फिर से संचालित हो सकेगी और क्षेत्र के हजारों किसानों को राहत मिल पाएगी।

### सिविल अस्पताल में 14 से 15 वर्ष की बालिकाओं को लगाया एचपीवी वैक्सीन

# जागरूकता के साथ हुआ टीकाकरण

**अनोखा तीर, सिवनी मालवा।**

सिविल अस्पताल में 14 से 15 वर्ष आयु वर्ग की बालिकाओं को मानव पेपिलोमा वायरस से बचाव के लिए टीकाकरण किया गया। इस दौरान बालिकाओं को टीकाकरण के महत्व के बारे में विस्तार से जानकारी देते हुए उन्हें प्रेरित किया गया, जिसके बाद उत्साहपूर्वक एचपीवी वैक्सीन लगाई गई। अस्पताल में आयोजित इस कार्यक्रम के दौरान स्वास्थ्य विभाग की टीम ने बालिकाओं और उनके अभिभावकों को बताया कि एचपीवी वैक्सीन गर्भाशय ग्रीवा कैंसर ( सर्वाइकल कैंसर ) जैसी गंभीर बीमारी से बचाव के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। समय पर लगाया गया यह टीका भविष्य में होने वाले संक्रमण और कैंसर के खतरे को काफी हद तक कम कर सकता है। स्वास्थ्य कर्मियों ने यह भी समझाया कि किशोरावस्था में लगाया गया यह टीकाकरण बालिकाओं के बेहतर स्वास्थ्य और सुरक्षित भविष्य के लिए आवश्यक है।



कार्यक्रम के दौरान ब्लॉक मेडिकल ऑफिसर डॉ. शेखर रघुवंशी ने कहा कि शासन के निर्देशानुसार किशोरियों को गंभीर बीमारियों से सुरक्षित रखने के लिए एचपीवी टीकाकरण अभियान चलाया जा रहा है। उन्होंने अभिभावकों से अपील की कि वे अपनी बेटियों को इस टीकाकरण के लिए अवश्य प्रोत्साहित करें, ताकि वे भविष्य में होने वाले खतरनाक रोगों से सुरक्षित रह सकें। इस अवसर पर बीसीएम प्रिया पांडे, एलएचवी पूजा नागर और बीईई अश्वनी जोसफ सहित स्वास्थ्य विभाग की टीम मौजूद रही। टीम द्वारा बालिकाओं को टीकाकरण के साथ-साथ स्वास्थ्य संबंधी आवश्यक जानकारी भी प्रदान की गई। कार्यक्रम के दौरान सभी बालिकाओं का सुरक्षित एवं निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार टीकाकरण किया गया।

# युवा कांग्रेस ने पानी की समस्या को लेकर किया नपा सीएमओ कार्यालय का घेराव

**अनोखा तीर, इटारसी।** शहर में जल संकट को लेकर शुक्रवार को युवा कांग्रेस ने नगर पालिका सीएमओ कार्यालय का घेराव कर प्रदर्शन किया। कार्यकर्ताओं ने आरोप लगाया कि वे समस्याओं को लेकर ज्ञापन देने पहुंचे थे, लेकिन सीएमओ के अनुपस्थित रहने और ज्ञापन स्वीकार न किए जाने से नाराज होकर उन्होंने यह कदम उठाया। प्रदर्शनकारियों ने सीएमओ कक्ष के बाहर ज्ञापन चस्पा कर दिया और जल्द समाधान न होने पर उग्र आंदोलन व तालाबंदी की चेतावनी दी। इस दौरान पूर्व नगर कांग्रेस अध्यक्ष मयूर जायसवाल ने कहा कि गर्मी से पहले ही शहर में जल संकट गहराने लगा है, लेकिन नगर पालिका प्रशासन इस पर गंभीरता नहीं दिखा रहा है। युवा कांग्रेस विधानसभा अध्यक्ष सौम्य दुबे ने आरोप लगाया कि अधिकारियों से मिलने का समय नहीं मिलता, जिससे जनसमस्याएं बढ़ रही हैं। जिला उपाध्यक्ष गौरव चौधरी ने पुरानी इटारसी के सूखा सरोवर क्षेत्र में बनी नई पानी की टंकी को तत्काल चालू करने की मांग की।




**सीएमओ कक्ष के बाहर ज्ञापन चस्पा ज्ञापन-** दूसरी ओर, नगर पालिका प्रशासन ने इन आरोपों का खंडन किया है। सीएमओ रितु मेहरा ने बताया कि कांग्रेस पदाधिकारियों का फोन लगभग 1.30 बजे आया था, लेकिन तब तक वे कार्यालय से निकल चुकी थीं। उन्होंने स्पष्ट किया कि 2 बजे से दीनदयाल रसोई योजना की जिला स्तरीय बैठक में शामिल होने के कारण उन्होंने कार्यकर्ताओं को एक घंटे बाद मिलने का समय दिया था।

### आरटीई प्रवेश प्रक्रिया के पहले दिन सर्वर फेल

# आधार ओटीपी के बाद 'डाटा एरर' से नहीं भर पा रहे फॉर्म

**अनोखा तीर, बुदनी।** निजी स्कूलों में आरटीई के तहत प्रवेश के लिए शुरू हुई ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया के पहले ही दिन तकनीकी समस्याएं सामने आ गईं। सर्वर में गड़बड़ी और आधार सत्यापन में आ रही त्रुटियों के कारण आवेदक दिनभर परेशान होते रहे और कई लोग फॉर्म नहीं भर पाए। जानकारी के अनुसार, जब आवेदक आरटीई पोर्टल पर आवेदन करते समय आधार नंबर दर्ज कर ओटीपी वेरिफिकेशन करते हैं, तो आधार से जुड़े मोबाइल नंबर पर ओटीपी तो प्राप्त हो जाता है, लेकिन ओटीपी दर्ज करने के बाद सिस्टम में आधार डाटा एरर का संदेश आ रहा है। इस समस्या के कारण आवेदन फॉर्म आगे नहीं खुल पा रहा है। तकनीकी खामी के चलते कई अभिभावक सुबह से ही एमपी ऑनलाइन और साइबर कैफे के चक्कर लगाते नजर आए। ऑपरेटरों का कहना है कि सर्वर या आधार वेरिफिकेशन में तकनीकी दिक्कत के कारण फॉर्म सबमिट नहीं हो पा रहे हैं। अभिभावकों ने मांग की है कि संबंधित विभाग जल्द से जल्द तकनीकी समस्या का समाधान करें, ताकि आरटीई के तहत बच्चों के प्रवेश के लिए आवेदन प्रक्रिया सुचारु रूप से चल सके और लोगों को परेशानियों का सामना न करना पड़े।

# घर की दशा सुधारने, महिलाओं ने किया पूजन

## पीपल का पूजन कर दशामाता से मांगी सुख- समृद्धि



**अनोखा तीर, कांटाफोड़।** दशा माता पर्व के अवसर पर शुक्रवार को पीपल वृक्षों के समीप महिलाओं की भीड़ लगी रही। महिलाओं ने दशा माता का व्रत रखकर पीपल की पूजा अर्चना की। पूरे अंचल में यह पर्व श्रद्धा भाव के साथ मनाया गया। नगर में करीब एक दर्जन स्थानों पर पीपल के वृक्ष के नीचे शुभ मुहूर्त में महिलाओं द्वारा पीपल के वृक्ष पर धागा लपेटकर विधि-विधान से दशा माता की पूजा-अर्चना की गई। माना जाता है कि जब मनुष्य की दशा ठीक होती है तब उसके सभी कार्य अनुकूल होते हैं किंतु जब यह प्रतिकूल होती है, तब बहुत कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। इन्हीं परेशानियों से निजात पाने के लिए इस व्रत को करने की मान्यता है। चैत्र महीने की दशमी पर सुहागिन महिलाएं दशा माता का व्रत करती है। घर की दशा सुधारने के लिए इस व्रत को किया जाता है। इस दिन महिलाएं कच्चे सूत का डोरा लाकर डोरे की कहानी कहती है तथा पीपल की पूजा कर 10 बार पीपल की परिक्रमा कर उस पर सुत लपेटती है, तथा दौरे में 10 गठान लगाकर गले में बांध कर रखती है। दशा माता से परिवार के सुख समृद्धि की कामना की। इस अवसर पर नल दमयंती की अनोखी प्रेम कथा सुनाई जाती है। जिसे बड़ी संख्या में महिलाओ ने श्रवण की कहा जाता है कि जो भक्त चैत्र कृष्ण दशमी तिथि को दशा माता का व्रत एवं पूजन करते हैं उनकी दरिद्रता घर से दूर चली जाती है। घर पहुंचकर महिलाओं ने दरवाजे के समीप छापे लगाकर भी पूजा अर्चना की।

# चाकू से युवक पर हमला, सिर पर वार किया हालत गंभीर

अनोखा तीर, देवास।



अमोना चौराहे पर गुरूवार रात एक युवक पर बदमाशों ने चाकू से हमला कर दिया। हमले में युवक घायल हो गया, जिसे इलाज के लिए जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया गया है। जानकारी के अनुसार संजय नगर निवासी पंकज अस्ताया (23) अपने बड़े भाई के लिए सिरदर्द की दवाई लेने अमोना क्षेत्र के एक मेडिकल स्टोर पर गया था। इसी दौरान वहां पहुंचे कुछ अज्ञात बदमाशों ने उससे मारपीट शुरू कर दी। हमलावरों ने पंकज के सिर पर चाकू से वार किया और घटना के बाद मौके से भाग निकले। युवक ने पुलिस को बताया कि उसके एक दोस्त का कुछ युवकों से विवाद चल रहा था। आशंका है कि उसी विवाद के चलते बदमाशों ने पीछे से हमला किया। पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है।

## सार-समाचार

हिंदू नववर्ष...

### बजरंग सेना संगठन निकालेगी भव्य भगवा यात्रा

**अनोखा तीर, देवास।** बजरंग सेना संगठन द्वारा प्रतिवर्षानुसार इस 19वें वर्ष में भी हिन्दू नववर्ष, गुड़ी पड़वा के महापर्व पर भारतीय संस्कृति का परचम लहराते हुए हिन्दुत्व एकता दिखाने के उद्देश्य एवं धर्म रक्षा के संकल्प के साथ भव्य भगवा यात्रा निकाली जाएगी। यात्रा संयोजक एवं संगठन संस्थापक अधिवक्ता उमेश चौधरी ने बताया कि यह धार्मिक एवं सांस्कृतिक यात्रा 19 मार्च गुरूवार को सायाजी द्वार से शाम 5 बजे प्रारंभ होगी, जो शहर के प्रमुख मार्गों से होते हुए निकलेगी। यात्रा का उद्देश्य समाज में धर्म, संस्कृति और एकता का संदेश फैलाना है। यात्रा पश्चात महाआरती के साथ महाप्रसादी का वितरण किया जाएगा। संगठन ने समस्त हिन्दू समाज से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर धर्म ध्वजा का परचम लहराने की अपील की है।

### स्व. जयप्रकाश तिवारी को दी श्रद्धांजलि

**अनोखा तीर, देवास।** बहुमुखी प्रतिभा के धनी, साहित्यकार एवं आयुर्वेद-ज्योतिष के ज्ञाता जयप्रकाश तिवारी की पुण्यतिथि पर परिवारजनों और साहित्य प्रेमियों ने उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। उनके व्यक्तित्व और कृतित्व को याद करते हुए परिजनों ने कहा कि वे केवल एक व्यक्ति नहीं, बल्कि ज्ञान, संस्कार और साधना का प्रेरणास्त्रोत थे। जेपेश उपनाम से लेखन करने वाले स्व. तिवारी एक प्रखर कवि और साहित्य के समर्पित साधक थे। उन्होंने अनेक कविताओं की रचना की



और कई महत्वपूर्ण पुस्तकों का संपादन कर साहित्य जगत को समृद्ध किया। उनकी लेखनी में संवेदनशीलता और गहरी दृष्टि झलकती थी। साहित्य के साथ-साथ उन्हें ज्योतिष और आयुर्वेद का भी ज्ञान था। ज्योतिष रत्न और आयुर्वेद रत्न के रूप में उन्होंने अपने ज्ञान से लोगों का मार्गदर्शन किया और समाज की सेवा की। परिवारजनों के अनुसार, भले ही वे आज भौतिक रूप से हमारे बीच नहीं हैं, लेकिन उनके दिए हुए संस्कार, विचार और ज्ञान आज भी परिवार व समाज का मार्गदर्शन कर रहे हैं। इस अवसर पर उनके पुत्र पं. संदीप तिवारी, ज्ञानेश तिवारी एवं समस्त तिवारी परिवार तथा साहित्य जगत के मित्रों ने उन्हें विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए उनके पदचिह्नों पर चलने का संकल्प व्यक्त किया।

### पं. दीनदयाल उपाध्याय महाप्रशिक्षण अभियान का शुभारंभ 15 मार्च को

**अनोखा तीर, बैतूल।** भाजपा के पं. दीनदयाल उपाध्याय महाप्रशिक्षण अभियान के अंतर्गत जिले की दो विधानसभाओ भैसदेही एवं आमला में 15 मार्च से मंडल प्रशिक्षण वर्ग का शुभारंभ होगा। पंडित दीनलदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान के जिला संयोजक कमलेश सिंह ने बताया कि आठ सत्रो में चलने वाले दो दिवसीय आवासीय प्रशिक्षण वर्ग में प्रथम दिन कार्य विस्तार की दृष्टि, वैचारिक अधिष्ठान, भाजपा का इतिहास विकास , बूथ प्रबंधन जैसे विषयों पर प्रशिक्षित वक्ताओं द्वारा प्रशिक्षण दिया जाएगा। वहीं मंडल प्रशिक्षण वर्ग के दूसरे दिन प्रदेश सरकार की उपलब्धियां, केंद्र सरकार की योजनाएं, सोशल मीडिया एआई एवं समापन सत्र में कार्य पद्धति पर कार्यकर्ता व पदाधिकारीयों को प्रशिक्षित किया जाएगा।

### बीजासनी मंदिर में चैत्र नवरात्र की तैयारियां जोरों पर



**घट स्थापना के साथ प्रज्वलित होगी अखंड ज्योत**

**अनोखा तीर, बैतूल।** बैतूल गंज स्थित बीजासनी माता मंदिर में प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी चैत्र नवरात्र महोत्सव अत्यंत धूमधाम एवं हर्षोल्लास के साथ मनाया जाएगा। मंदिर समिति के अध्यक्ष पंडित दीपक शर्मा ने बताया कि 19 मार्च गुरूवार दोपहर 12 बजे विधिविधान के साथ माता के घट स्थापित किए जाएंगे तथा मंत्रोच्चार के साथ अखंड ज्योत प्रज्वलित की जाएगी, 26 मार्च गुरूवार दोपहर 12 बजे से दुर्गा सप्तशती का हवन प्रारंभ होगा। 27 मार्च शुक्रवार को दोपहर 12 बजे आरती एवं कन्यापूजन उपरांत विशाल भंडारा प्रारंभ होगा तथा 28 मार्च शनिवार को ताप्ती जी में घट विसर्जित किए जाएंगे। प्रतिदिन शाम 7:30 पर महाआरती होगी एवं महाप्रसाद का वितरण किया जाएगा। समिति की ओर से उन्होंने समस्त धर्मप्रेमी बंधुओं से उक्त कार्यक्रमों में सहपरिवार शामिल होने का अनुरोध किया है। समिति ने बताया कि जो श्रद्धालु अपने या अपने परिवार के नाम की अखंड ज्योत जलवाना चाहते हों वे मंदिर में पुजारी जी से अथवा मंदिर समिति के सदस्यों से संपर्क कर अपना नाम लिखवा सकते है।

# डीएफओ के संरक्षण में तेजी से हो रहा वनों का सफाया

## • सांवलीगढ़ रेंज में अवैध कटाई के मामले में आज तक नही हो पाई कोई कार्रवाही

अनोखा तीर, बैतूल।

जिले में जिन्हें जंगल बचाने के लिए लाखों रुपए का बजट देती है, सरकार वही जिम्मेदार जंगलों को बेचकर स्वहित करने में लगे हुए है जिसका खामियाजा हम ग्लोबल वार्मिंग के शिकार हो रहे है चूंकि यदि इसी तरह से जंगलों के सफाया होगा तो बहुत जल्दी बैतूल में वनों का नामोनिशान ही नही बचेगा। यहाँ तो जिनको पूरे डिवीजन की बागड़ोर दी गई हैं वही अधिनस्थों को संरक्षण देने में लगे हुए है यही कारण भी है कि जिम्मेदार नाकेदार पर कार्यवाही करने से परहेज किया जा रहा है और मामले को जांच के नाम पर दबाने का प्रयास करने में लगे हुए है मामला पश्चिम वन मंडल का है जहां सांवलीगढ़ रेंज की सिताडोंगरी सर्किल में बेशकीमती सागौन के सैकड़ों पेड़ों की कटाई नाकेदार ने माफियाओं के साथ मिलकर कर दी है और फर्जी तरीके से पुराने पीओआर नंबर डालकर कार्यवाही होने की बात दिखाने का प्रयास कर रहा है। वहीं नाकेदार अब कहीं और से उठाकर नाके में जमा कर रहा है और लकड़ियां बरामद



होने की कार्यवाही दिखाने का पूरा प्रयास डिवीजन के जिम्मेदारों के संरक्षण में किया जा रहा है जबकि हमारे द्वारा 80 पेड़ों की कटिंग एसडीओ को दी गई है पर और अंडर ट्रेनिंग आईएफएस, एसडीओ मौके पर जांच करके भी आ गए है। उन्होंने माना भी है कि कटाई तो हुई है और ठूठ बनाकर नंबरिंग का भी काम किया जा रहा है, पर कार्यवाही आज तक नही की गई है इससे कई सवाल खड़े हो रहे है। वहीं एक बात और भी सामने आई है कि सीसीएफ द्वारा क्रोस बीट निरीक्षण भी करवाया गया था पर उनके पास भी इस कटाई की रिपोर्टिंग नही पहुंची है। मतलब डीएफओ द्वारा सीसीएफ को भी गुमराह किया जा रहा है , और इससे तो साफ जाहिर हो रहा है कि डीएफओ के संरक्षण में बेशकीमती सागौन की कटाई का बड़ा कारोबार किया जा रहा है। जिसकी भनक तक सीसीएफ को नही लग पाई है और इसीलिए फाल्स रीपोर्टिंग डीएफओ के कहने पर जांच के लिए गई टीम द्वारा दी गई है और सीसीएफ के संज्ञान में यह मामला नही लाया जा रहा है इस पूरे मामले को लेकर पीसीसीएफ और विजीलेंस टीम से बात की गई है तो उनका कहना है कि आप हमें सारी डिटेल्स भेज दीजिये हम अपने स्तर पर पूरे मामले की निष्पक्ष जांच करवा लेते है और जांच के बाद दोषियों पर निश्चित ही कार्यवाही की जाएगी।

अब देखना यह होगा कि इस पूरे अवैध कारोबार के मामले में भोपाल पीसीसीएफ और विजिलेंस टीम कब संज्ञान लेती है और कब डिवीजन के जिम्मेदार पर कार्यवाही की जाएगी या फिर इसी तरह डीएफओ एसडीओ रेंजर डिप्टी नाकेदार के साथ मिलकर जंगलों को बेचकर अपनी जेबें भरते रहेंगे।

# एमजी रोड, पुनर्घनत्वीकरण, जलप्रदाय एवं स्वछता के कार्यों की महापौर ने की समीक्षा

अनोखा तीर, देवास।

एमजी रोड पुर्नघनत्वीकरण, जल प्रदाय एवं स्वास्थ्य विभाग के संबंध में महापौर श्रीमती गीता दुर्गेश अग्रवाल के द्वारा मंगलवार 12 मार्च को निगम बैठक हाल में अधिकारियों के साथ बैठक आहूत की गई। आगामी वर्षाकाल मानसून को दृष्टिगत रखते हुए एमजी रोड के कार्यो को शीघ्रता से करने की रूपरेखा तैयार करें जिससे बारिश में व्यवसाईयों, रहवासियों एवं राहगीरों को जल जमाव कीचड जैसी किसी भी प्रकार की कोई समस्या उत्पन्न नही हो। इसको लेकर महापौर ने आयुक्त दलीप कुमार एवं विभागीय अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक के दौरान जानकारी लेते हुए एमजी रोड चौडीकरण के दौरान चल रहे धीमी गति से कार्य पर चर्चा कर नाला निर्माण, सिवरेज लाईन अन्य जो लाईन डाली जाना है उसे शीघ्रता से करने तथा एमपीईबी से चर्चा कर विद्युत केबल की लाईन भी चल रहे कार्यों के साथ 10 दिवस में डालवाए जाने के लिए कार्यपालन यंत्री को कहा। महापौर ने सिवरेज लाईन जो डाली जानी है उसकी जानकारी ली। सिवरेज सर्वे का शेष कार्य है उसे शीघ्र पूर्ण करने तथा सिवरेज के कार्यो के कारण अन्य कार्य में बाधा नही आए इसके लिए सिवरेज का सर्वे एवं शेष कार्य शीघ्र पूर्ण करने हेतु कहा इसी के साथ गेलगैस कंपनी से चर्चा कर लाईन एवं हाऊस कनेक्शन, जलप्रदाय की लाईन,




अंडरग्राउंड विद्युत लाईन भी एक साथ डले कार्य की मॉनिट्रिंग करते हुए कार्य शीघ्रता से करवाए जाने के साथ ही प्रतिदिन एमजी रोड़ पर पानी के छिड़काव एवं साफ-साफाई के निर्देश महापौर ने दिए। ग्रीष्म ऋतु को दृष्टिगत रखते हुए क्षिप्रा डेम से शहर में किए जाने वाला पेयजल वितरण पर्याप्त मात्रा मे उपलब्ध रहे इस हेतु एनवीडीए को पत्र के माध्यम से अवगत कराकर सतत संपर्क रखें। महापौर ने आकस्मिक पेयजल वितरण में उपयोग किए जाने वाले टेंकरों की साफ सफाई एवं सुधार कार्य कर व्यवस्था को चाक चौबंद रखने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। स्वच्छता सर्वेक्षण का दृष्टिगत रखते हुए महापौर ने शहर में दिन एवं रात्रिकालीन सफाई व्यवस्था को ओर सुदृढ़ बनाए जाने एवं नाला एवं नालियों की सफाई के साथ गार्डनों के रख रखाव के लिए भी निर्देशित किया। पुर्नघनत्वीकरण योजना के अंतर्गत चल रहे कार्यों में आयएसबीटी एवं भगवती द्वार सराय पर पुर्नउत्थान के कार्य एवं तीनों झोन निर्माण का कार्य करने में कंपनी के द्वारा लापरवाही की जा रही है न ही समय सीमा में कार्य किया जा रहा है। उपस्थित कंपनी के प्रतिनिधि को बैठक मे दिए गए निर्देश एवं समय सीमा मे कार्य नही होता है तो कंपनी पर जुर्माना लगाते हुए ब्लेक लिस्टेड किए जाने के निर्देश आयुक्त दलीप कुमार को दिए। बैठक मे विधायक एवं महापौर प्रतिनिधि दुर्गेश अग्रवाल, उपायुक्त देवबाला पिपलोनिया, प्र. कार्यपालन यंत्री इंदुप्रभा भारती, सहायक यंत्री जगदीश वर्मा, सौरभ त्रिपाठी, दिनेश चौहान, उपयंत्री राजेश कौशल, चंदन सोनी, श्यामसुंदर रघुवंशी एवं समस्त वार्ड उपयंत्री व समंदढिया फर्म के प्रतिनिधि उपस्थित थे।

# नागझीरी संस्थान में वार्षिक बैठक आयोजित

**अनोखा तीर, भैंसदेही।** नगर के चमत्कारिक संत श्रीश्री 10008त्रिवेणी भारती नागा दादा नागझिरी संस्थान में शुक्रवार को वार्षिक बैठक संपन्न हुई। जिसमें संस्थान के पदाधिकारियों सहित बड़ी संख्या में नगर के गणमान्य नागरिकों एंव समाजसेवियों ने सम्मिलित हो आगामी चैत्र सुदी तेरस को होने वाले नागा दादा के पुण्यतिथि समारोह की रुपरेखा तय की। साथ ही कार्यक्रम की सफलता के लिए आवश्यक पहलुओं पर विचार-विमर्श



किया गया। आयोजित बैठक में जहां नागझिरी संस्थान के पदाधिकारियों ने संस्थान के तय बजट को सामने रखा, वहीं उपस्थितजनों ने इस विशाल धार्मिक आयोजन की सफलता को लेकर जिम्मेदारियां तय की। ज्ञात हो नागझिरी संस्थान का आयोजन इसलिए भी महत्वपूर्ण है, क्योंकि यह आयोजन यहां विगत 76 वर्ष से इसी तिथि चैत्र सुदी तेरस को संपन्न होता है। इस वर्ष नागा दादा की 77वीं पुण्य तिथि मनाई जाएगी। संस्थान की कार्यकारी समिति का पुनः गठन किया गया, जिसमें संस्थान के पूर्व अध्यक्ष कृष्णा झाड़े को सर्व सम्मति से अध्यक्ष बनाया गया, इस पद पर श्री झाड़े बीते 26सालों से अध्यक्ष पद का दायित्व निभा रहे हैं। बैठक में प्रमुख रुप से क्षेत्र के पत्रकार समाज सेवी पं. शयामनारायण तिवारी, सुरेश पाल, बाबुलाल राठौर, हेमंत सावरकर, सदानंद सराफ, कमल सिसोदिया, राजु जोशी, संजू मोहने, धनराज धाकड़, त्रिवेणी महाले, प्रकाश घानेकर, राजेश साहू, मदन मालवीय, मनोहर राजूरकर महाराज उपस्थित थे।

महंगाई, गैस संकट और ट्रेंचिंग ग्राउंड घोटाले के विरोध में सड़क पर उतरे कांग्रेस कार्यकर्ता6

# गैस संकट और महंगाई पर बैतूल में कांग्रेस ने किया बड़ा प्रदर्शन

अनोखा तीर, बैतूल।

देश में बढ़ती महंगाई, एलपीजी गैस सिलेंडरों की किल्लत और स्थानीय स्तर पर ट्रेंचिंग ग्राउंड घोटाले की निष्पक्ष जांच की मांग को लेकर बैतूल में कांग्रेस ने जोरदार प्रदर्शन किया। जिला कांग्रेस कमेटी बैतूल के नेतृत्व में 13 मार्च को







जिला उद्योग केंद्र के सामने धरना देकर कांग्रेस नेताओं और कार्यकर्ताओं ने केंद्र सरकार पर तीखा हमला बोला। प्रदर्शन के दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने नरेंद्र सरेंडर हो गया, नरेंद्र भी गायब सिलेंडर भी गायब जैसे नारे लगाकर सरकार को घेरा और महंगाई व गैस संकट को लेकर गंभीर सवाल उठाए। सुबह 11 बजे जिला उद्योग केंद्र के सामने आयोजित इस धरना प्रदर्शन का नेतृत्व जिला कांग्रेस अध्यक्ष निलय विनोद डागा, प्रदेश सचिव समीर खान और नगर पालिका में नेता प्रतिपक्ष राजकुमार दीवान ने किया। बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता और महिलाएं भी इस प्रदर्शन में शामिल हुई। धरने के बाद कांग्रेस नेताओं ने कलेक्ट्रेट पहुंचकर ज्ञापन सौंपा। प्रदर्शन के दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने महंगाई और गैस सिलेंडरों की किल्लत को लेकर सरकार के खिलाफ जोरदार नारेबाजी की।

**● खाली सिलेंडर और भट्टी से जताया आक्रोश:** धरना प्रदर्शन के दौरान महिलाओं ने खाली गैस सिलेंडर और भट्टी पर चाय की गंजी रखकर प्रतीकात्मक प्रदर्शन किया। इस प्रदर्शन के माध्यम से यह संदेश देने की कोशिश की गई कि रसोई गैस के दाम बढ़ने और सिलेंडरों की कमी के कारण आम लोगों की रसोई पर संकट खड़ा हो गया है। कांग्रेस जिला अध्यक्ष निलय डागा ने कहा कि जिस गैस सिलेंडर को सरकार ने कभी उज्ज्वला योजना के नाम पर गरीबों तक पहुंचाने का दावा किया था, आज वही सिलेंडर आम लोगों की पहुंच से दूर होता जा रहा है।

**● विदेश नीति पर भी सरकार को घेरा :** श्री डागा ने आरोप लगाया कि केंद्र सरकार की गलत विदेश नीतियों के कारण देश में ईंधन संकट गहरा गया है। उन्होंने कहा कि ईरान, इजरायल और अमेरिका के बीच बढ़ते तनाव और वैश्विक संकट के दौर में भारत सरकार की रणनीति पूरी तरह विफल साबित हो रही है। इसका सीधा असर देश में एलपीजी गैस की उपलब्धता और कीमतों पर दिखाई दे रहा है। कांग्रेस नेताओं का कहना था कि सरकार को पहले से स्थिति का आकलन कर कदम उठाने चाहिए थे, लेकिन ऐसा नहीं किया गया।

## लोग कतारों में, सरकार बयान बाजी में

धरना प्रदर्शन के दौरान कांग्रेस नेताओं ने कहा कि आज देश के कई हिस्सों में लोग गैस सिलेंडर के लिए कतारों में खड़े होने को मजबूर हैं, लेकिन सरकार इस संकट को स्वीकार करने के बजाय केवल बयानबाजी कर रही है। कांग्रेस नेताओं ने आरोप लगाया कि आम जनता महंगाई से जूझ रही है और सरकार इस मुद्दे पर ठोस समाधान देने में विफल साबित हो रही है। कांग्रेस नेताओं ने इस प्रदर्शन के माध्यम से बैतूल के ट्रेंचिंग ग्राउंड से जुड़े कथित घोटाले की निष्पक्ष जांच की भी मांग उठाई। उनका कहना था कि स्थानीय स्तर पर कई जनसमस्याएं लगातार बढ़ रही हैं, लेकिन प्रशासन और सरकार इन मुद्दों को गंभीरता से नहीं ले रही है। कांग्रेस ने चेतावनी दी कि यदि जल्द ही समस्याओं का समाधान नहीं हुआ तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा। कांग्रेस जिला अध्यक्ष निलय डागा, प्रदेश कांग्रेस सचिव समीर खान, नेता प्रति पक्ष नगर पालिका बैतूल राजकुमार दीवान संगठन, महासचिव ब्रज भूषण पांडे, लोकेश पगारिया प्रशांत मरोठी मुकेश यादव, अंकित वर्मा, शुभम दीवान, निलेश धुर्वे, सभाना अली, संतोष मोरे, कुणाल चंदेलकर, मनीष साहू, प्रदीप पवार, विजय आर्य, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष शहर मनोज कालू आहूजा, ग्रामीण अध्यक्ष राजकुमार चौबे, पूर्व अध्यक्ष मोनू बडोनिया, प्रशांत राजपूत, युवा कांग्रेस के जिला अध्यक्ष संजय सरदार यादव, विधानसभा युवा कांग्रेस अध्यक्ष प्रीतेश गंगारे, हर्षवर्धन धोटे, विजय पारधी, किसान कांग्रेस जिलाध्यक्ष जगदीश गोचरे, वन एवं पर्यावरण प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष करण लाल चंदेलकर, महिला कांग्रेस ज़िलाध्यक्ष मोनिका निरापुरे, पुष्पा पंद्राम, पार्षद कदिर खान,नफीश खान, सिराज पठान, अशोक नागले, मनीष साहू, पप्पू सेहरकर, सुभाष पवार, नवल सिंह ठाकुर, जमुना पंडाग्रे, सुदा मैवाड़, सुशीला तिवारी, आकिब खान, सोनू राठौर, गुलाब धोटे, भोजराज माकोड़े, तरुण पाटिल, दादू मिश्रा, रूपसिंह ठाकुर, राजेश बरासकर, अजय पुंडे, ओम अवस्थी, संतोष वाघमारे, रमेश वाघमारे, मन्ने आठनकर, बन्नू मालवी, करण राजपूत, धन्नु उइके, अभय वर्मा, प्रणय पाठक, राकेश सोनी, देवराव पटेल, पंडरी पांडग्रे, कमल पाल, राकेश गुप्ता, प्रेरणा शर्मा सहित सैकड़ो कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे।

**स्वामी,** प्रकाशक एवं मुद्रक प्रहलाद शर्मा द्वारा श्री सिद्धीविनायक प्रिंटर्स, देशबंधु परिसर, प्लॉट नं.26-बी, प्रेस कॉम्पलेक्स, जोन-1, एम.पी.नगर, भोपाल,म.प्र. से मुद्रित अनोखा तीर कार्यालय नया बस स्टैंड के सामने, हरदा, म.प्र. से प्रकाशित। **प्रधान संपादक** सुरेश लोहाना / **संपादक** प्रहलाद शर्मा / **प्रबंध संपादक** महेश कौशिक। फोन : 07577-226771 मो.9425045480, समाचार चयन के लिए पी.आर. बी.एक्ट के तहत जिम्मेदार। **सभी विवादों का न्याय क्षेत्र हरदा रहेगा।**

## सार-समाचार

# पीपल पूजन के साथ महिलाओं ने किया दशा माता का पूजन



**अनोखा तीर, हरदा।** खेड़ीपुरा स्थित खेड़ापति मंदिर परिसर में शुक्रवार को चैत्र कृष्ण दशमी के अवसर पर दशा माता का व्रत श्रद्धा और आस्था के साथ मनाया गया। सुबह से ही बड़ी संख्या में महिलाएं मंदिर परिसर पहुंचीं और विधि-विधान से दशा माता का पूजन कर परिवार की सुख-समृद्धि और मंगल की कामना की। पूजन के बाद पंडित विद्याधर उपाध्याय ने राजा नल और रानी दमयंती की पौराणिक कथा का वाचन किया। कथा के समापन पर महिलाओं ने पीपल के वृक्ष की दस परिक्रमा कर पूजा पूर्ण की और विधि-विधान से व्रत का पारण किया। खेड़ीपुरा स्थित खेड़ापति मंदिर परिसर पहुंचीं, जहां उन्होंने विधि-विधान से दशा माता का पूजन-अर्चन कर परिवार की सुख-समृद्धि, आरोग्य और मंगल की कामना की। मंदिर परिसर में स्थित पीपल के पवित्र वृक्ष के समीप महिलाओं ने सामूहिक रूप



से पूजा-अर्चना की। पूजन के दौरान पीपल के तने पर हल्दी से दशा माता की आकृति बनाई गई और उस पर कुमकुम, अक्षत, गेहूं के दाने, पुष्प सहित अन्य पूजन सामग्री अर्पित की गई। चैत्र कृष्ण दशमी के पावन अवसर पर शुक्रवार को नगर में दशा माता का पर्व श्रद्धा, भक्ति और धार्मिक उत्साह के साथ मनाया गया। सुबह से ही महिलाओं में विशेष उत्साह देखा गया। बड़ी संख्या में महिलाएं भगवान गणेश का पूजन कर विघ्न-बाधाओं को दूर करने और घर-परिवार में सुख-शांति बनाए रखने की प्रार्थना की गई। महिलाओं ने पीपल के वृक्ष की श्रद्धापूर्वक परिक्रमा कर कच्चे सूत से बने दस गांठों वाले दशा के डोरे वृक्ष पर बांधे। मान्यता है कि इस डोरे को बांधने से जीवन की दशाएं अनुकूल होती हैं और परिवार में सुख-समृद्धि बनी रहती है। महिलाओं ने घर से लाए पूरी, मिठाई और प्रसाद से सजी थालियां माता को अर्पित कर परिवार के कल्याण की कामना की।

### दशा माता का व्रत अत्यंत फलदायी

श्रीमती मीना ने बताया कि धार्मिक मान्यता के अनुसार इस व्रत को करने से विपरीत परिस्थितियां दूर होती हैं और घर-परिवार में सुख-शांति व समृद्धि बनी रहती है। इस दौरान रीना, शारदा, पद्मा, रोशनी, मीना, जागृति और रंजना सहित माया, संगीता, नेहा, बड़ी संख्या में महिलाएं उपस्थित रहीं।

# 'एक तिथि-एक त्यौहार' विषय पर हुआ विचार-विमर्श



**अनोखा तीर, हरदा।** त्यौहारों की तिथियों में होने वाले असमंजस को दूर करने के उद्देश्य से सर्व ब्राह्मण समाज संगठन के आह्वान पर जिला ज्योतिष परिषद् द्वारा शुक्रवार दोपहर सिद्धवीर हनुमान मंदिर परिसर में बैठक आयोजित की गई। बैठक में सर्वसम्मति से एक तिथि-एक त्यौहार विषय पर कैलेंडर तैयार करने पर विचार-विमर्श किया गया। बैठक की शुरुआत भगवान गणेश वंदना तथा हनुमान चालीसा के पाठ के साथ हुई। बैठक में दो-दो तिथियों पर पड़ने वाले त्यौहारों को लेकर विद्वान पंडितों ने अपने विचार रखे और उपयुक्त दिवस पर त्यौहार मनाने का सुझाव दिया। इस बैठक में सिराली, रहटगांव, खिरकिया और हंडिया से भी विद्वान पधारे। बैठक के दौरान पं. विवेक मिश्रा, पं. मुरलीधर व्यास, पं. ओमप्रकाश पुरोहित, पं. लक्ष्मणाचार्य, पं. बलराम जोशी (कनारदा वाले), पं. कैलाशचंद दाधीच, पं. राजेश व्यास, पं. विजेश दाधीच, पं. सुरेश साकल्ले पं. संजय शर्मा, पं. हरिप्रसाद शर्मा, पं. दीपक जोशी, पं. दिनेश दाधीच भादूगांव, पं. चेतन शर्मा, गिरधर शर्मा, पं. विमल तिवारी, पं. राघवेंद्र दुबे, पं. पीयूष उपाध्याय, पं. राधेश्याम उपाध्याय सिराली, पं. अनिल दाधीच तथा पं. विद्याधर उपाध्याय उपस्थित रहे।

## मंडी में पांच दिन बंद रहेगा नीलामी कार्य

**अनोखा तीर, हरदा।** कृषि उपज मण्डी हरदा में 18 से 22 मार्च तक नीलामी कार्य बंद रहेगा। मंडी सचिव ने बताया कि 18 मार्च बुधवार को अमावस्या, 19 मार्च गुरूवार को गुढ़ी पड़वा, 20 मार्च को चेती चांद, 21 मार्च को ईदुल फितर तथा 22 मार्च को रविवार का शासकीय अवकाश होने के कारण मण्डी प्रांगण में नीलामी कार्य बंद रहेगा। उन्होने क्षेत्र के किसान भाईयों से अनुरोध किया है कि वे इस अवधि में अपनी कृषि उपज विक्रय हेतु नहीं लावें।

# हरदा के कलाकारों ने रचा इतिहास

### ● भुआणा का गणगौर उत्सव पहुंचा राष्ट्रीय स्तर पर ● राष्ट्रीय चैनल दूरदर्शन के माध्यम से देखेगा पूरा भारत



**अनोखा तीर, हरदा।** इस समय भुआणा में गणगौर उत्सव की धूम मची हुई है। इसी समयकाल में हरदा के स्वर प्रभा संगीत कला अकादमी को दूरदर्शन से आमंत्रण मिला और गायिका श्रीमती मिशा शर्मा अपने मंडल मां कात्यायनी शक्ति गणगौर मंडल को लेकर दूरदर्शन पहुंची, जहां पर इनके मंडल की प्रस्तुति को स्टूडियो में शूट किया गया। इसमें सुमित मिशा शर्मा एवं उनके संगीत एवं नृत्य के विद्यार्थियों ने अपनी प्रस्तुतियां दी। यह कार्यक्रम 21 मार्च को राष्ट्रीय चैनल दूरदर्शन द्वारा एक टीवी शो के माध्यम से पूरे भारत में प्रसारित किया जाएगा। जिसमे नृत्य में प्रियांशी, भूमी, पूजा, साधना रानी, पायल, लक्ष्मी, हर्षा, दुर्गा, और मीनाक्षी थे। गायन में श्रीमती मिशा शर्मा, सुमित शर्मा, पलक ढोलक पर मयंक मालवीय एवं तबले पर सान्निध्य गंगराड़े एवं ऑक्टोपैड पर दिव्यांश शर्मा ने साथ दिया। ज्ञात हो कि इससे पहले भी भुआणा निमाड़ के संगीत एवं नृत्य को इससे पहले भी देश दुनिया में पहुंचा चुके हैं। साथ ही सुमित शर्मा अपने संगीत के विद्यार्थियों को तैयार करके बड़े मंचों पर प्रस्तुति हेतु ले जाते हैं।

# शासकीय शिक्षक संगठन ने मुख्यमंत्री के नाम सौंपा ज्ञापन

**अनोखा तीर, हरदा।**

शासकीय शिक्षक संगठन जिला हरदा ने शिक्षक पात्रता परीक्षा निरस्त करने की मांग को लेकर मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन संयुक्त कलेक्टर सतीश राय को सौंपा। शिक्षक पात्रता परीक्षा का आदेश जारी होते ही पूरे प्रदेश में इसका विरोध शुरू हो गया है। इसी क्रम में शासकीय शिक्षक संगठन जिला इकाई हरदा ने जिलाध्यक्ष मजीद खान के नेतृत्व में मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन संयुक्त कलेक्टर सतीश राय को सौंपा। साथ ही स्थानीय समस्याओं को लेकर भी कलेक्टर को ज्ञापन दिया गया। ज्ञापन में टिमरनी विकासखंड एवं हरदा विकासखंड में प्राथमिक शिक्षकों का फरवरी माह 2026 का वेतन नहीं होने की समस्या उठाते हुए शीघ्र भुगतान की मांग की गई। हरदा विकासखंड में 141 शिक्षकों के वेतन से की गई कटौती की राशि आज तक शिक्षकों के खातों में जमा नहीं किए जाने का मुद्दा भी उठाया गया तथा उसे शीघ्र जमा कराने का निवेदन किया गया। इसके अलावा जिन शिक्षकों की सेवा अवधि 12 वर्ष एवं 24 वर्ष पूर्ण हो चुकी है, उन्हें नियमानुसार क्रमोन्नत वेतनमान का लाभ प्रदान करने की मांग की गई। संगठन ने ई-अटेंडेंस के कारण रुके हुए शिक्षकों का वेतन भुगतान, बाजनिया संकुल के डीए के एरियर्स का भुगतान, नवीन शिक्षक संवर्ग की परीक्षा अवधि पूर्ण होने पर



100 प्रतिशत वेतन भुगतान तथा दिव्यांग शिक्षकों के विकलांग भत्ते के भुगतान की मांग भी ज्ञापन में की है।



संगठन के प्रांतीय महामंत्री अशोक देवराले ने बताया कि शिक्षा का अधिकार अधिनियम 2009 लागू होने से पहले नियुक्त शिक्षकों की नियुक्ति मध्य प्रदेश शासन द्वारा जारी राजपत्र तथा उस समय प्रभावी नियमों के आधार पर विधिवत रूप से की गई थी। ऐसे में बाद में शिक्षक पात्रता परीक्षा को अनिवार्य कर देना तथा दो वर्ष के भीतर पात्रता परीक्षा उत्तीर्ण न करने की स्थिति में सेवा समाप्ति जैसा कठोर प्रावधान लागू करना न्यायसंगत प्रतीत नहीं होता। उन्होंने कहा कि ये शिक्षक वर्षों से निष्ठा और समर्पण के साथ विद्यार्थियों को शिक्षित करते हुए शिक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने में महत्वपूर्ण योगदान दे रहे हैं। ऐसे में दीर्घकाल से कार्यरत शिक्षकों की सेवा को केवल पात्रता परीक्षा के आधार पर समाप्त करने का प्रावधान उनके भविष्य को असुरक्षित बनाता है तथा उनके परिवारों पर भी प्रतिकूल प्रभाव डाल सकता है। संगठन ने मुख्यमंत्री से मांग की है कि मध्य प्रदेश सरकार इस विषय में संवेदनशीलता के साथ हस्तक्षेप करते हुए सर्वोच्च न्यायालय में रिव्यू पिटीशन दायर कर शिक्षकों का पक्ष प्रभावी रूप से प्रस्तुत करे तथा शिक्षक पात्रता परीक्षा की अनिवार्यता समाप्त करने या पूर्व में नियुक्त शिक्षकों को इससे पूर्ण रूप से मुक्त करने के संबंध में सकारात्मक निर्णय ले। ज्ञापन के दौरान राज्य शिक्षक संघ, राज्य कर्मचारी संघ, शिक्षक कांग्रेस, शिक्षक संघ, तृतीय वर्ग कर्मचारी संघ और प्रांतीय शिक्षक संघ के पदाधिकारी तथा बड़ी संख्या में शिक्षक उपस्थित रहे।

# हरदा में फिर लगे अवैध फ्लेक्स हटाने के बजाय जिम्मेदारों पर हो चालानी कार्रवाई

**अनोखा तीर हरदा।**

शहर में अवैध फ्लेक्स और बैनरों का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है। कुछ ही दिनों पहले नगर पालिका हरदा ने अभियान चलाकर बिजली के खंभों और सार्वजनिक स्थानों पर लगे अवैध फ्लेक्स हटाए थे, लेकिन हैरानी की बात यह है कि रातों-रात फिर से नए फ्लेक्स शहर के कई इलाकों में लगा दिए गए। इन फ्लेक्स के कारण शहर की सुंदरता प्रभावित हो रही है, वहीं बिजली के खंभों पर इन्हें लगाने से सुरक्षा संबंधी खतरे भी बढ़ जाते हैं। नगर पालिका द्वारा बार-बार फ्लेक्स हटाने की कार्रवाई तो की जा रही है, लेकिन जिम्मेदार संस्था या व्यक्तियों पर कोई ठोस कार्रवाई नहीं होने से यह समस्या बार-बार सामने आ रही है। शहरवासियों का कहना है कि यदि नगर पालिका केवल फ्लेक्स हटाने तक ही सीमित रहेगी तो यह सिलसिला नहीं रुकेगा। इसके लिए जरूरी है कि जिन संस्थाओं, संगठनों या व्यक्तियों द्वारा ये अवैध फ्लेक्स लगाए जा रहे हैं, उन पर सीधे चालानी कार्रवाई की जाए और जुर्माना लगाया जाए। स्थानीय लोगों का मानना है कि यदि एक-दो




मामलों में सख्ती से जुर्माना लगाया गया तो अवैध फ्लेक्स लगाने वालों पर रोक लग सकती है और शहर की सड़कों व बिजली के खंभों को इस अव्यवस्था से मुक्त किया जा सकेगा। अब देखना होगा कि नगर पालिका प्रशासन इस मामले में केवल फ्लेक्स हटाने की कार्रवाई तक सीमित रहता है या जिम्मेदारों पर चालानी कार्रवाई कर सख्ती दिखाता है।

## 23 मार्च से शुरु होगी सरसों-भावान्तर भुगतान योजना

**अनोखा तीर, हरदा।** कृषि उपज मण्डी प्रांगण हरदा में 23 मार्च से सरसों-भावान्तर भुगतान योजना 23 मार्च से प्रारम्भ होगी। सचिव कृषि उपज मण्डी हरदा ने बताया कि इस हेतु किसानों को अपने पंजीयन की कॉपी, आधार कार्ड, बैंक खाते की पासबुक एवं वाहन का नम्बर लाना अनिवार्य होगा। उन्होने बताया कि एमपी फार्मगेट ऐप एवं सौदा पत्रक के माध्यम से विक्रय सरसों इस योजना में शामिल नहीं है। व्यापारियों द्वारा क्रय की गई सम्पूर्ण सरसों का भुगतान कृषक के बैंक खाते में ही किया जाएगा, नगद भुगतान नहीं किया जाएगा। व्यापारियों द्वारा सीधे किसान से खरीदी नहीं की जाएगी। किसी भी प्रकार की समस्या हेतु शिकायत कक्ष में सम्पर्क किया जा सकता है।

### अवैध शराब के विरुद्ध कार्यवाही, 19 प्रकरण दर्ज

अनोखा तीर, हरदा। कलेक्टर सिद्धार्थ जैन के निर्देशन व जिला आबकारी अधिकारी सुनील भोजने के मार्गदर्शन में आबकारी विभाग के दल ने शराब के अवैध विक्रय, परिवहन व संग्रहण के विरूद्ध कार्यवाही की। जिला आबकारी अधिकारी सुनील भोजने ने बताया कि इस दौरान आबकारी विभाग के दल ने जिले के ग्राम बड़वानी, राजाबरारी, केली, काजल, कायदा, पीलियाखाल, टंकी मोहल्ला, खेड़ीपुरा, उड़ा, कुकड़ापानी, हरिपुरा, भीमपुरा, व नीमसराय में दबिश दी। दबिश के दौरान कुल 21 पाव देशी शराब, 39 लीटर हाथ भट्टी कच्ची महुआ शराब एवं 1160 किलोग्राम महुआ लाहन जप्त कर आबकारी अधिनियम 1915 के तहत कुल 19 प्रकरण दर्ज किए। जप्त मुद्देमाल का अनुमानित बाजार मूल्य 1 लाख 25 हजार 375 रुपए है।

# किसानों के खाते में अंतरित की प्रधानमंत्री सम्मान निधि की राशि

**अनोखा तीर, हरदा।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को असम के गुवाहाटी से पी.एम. किसान सम्मान निधि योजना की 22वीं क़िस्त की राशि किसानों के खाते में ऑनलाइन अंतरित की। हरदा में जिला स्तरीय कार्यक्रम कलेक्ट्रेट के सभाकक्ष में आयोजित किया गया। इस अवसर पर संयुक्त कलेक्टर सतीश राय, अधीक्षक भू-अभिलेख एस.के. मडण्लोई, सहायक संचालक कृषि अखिलेश पटेल सहित अधिकारी कर्मचारी एवं किसान उपस्थित थे। इस दौरान प्रोजेक्टर के माध्यम से गुवाहाटी में आयोजित कार्यक्रम का लाइव प्रसारण भी देखा गया। अधीक्षक भू-अभिलेख श्री एस.के. मडण्लोई ने बताया कि हरदा जिले के 59008 किसानों के खाते में प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के तहत दो-दो



हजार रुपये की राशि ट्रांसफर की गई। इनमें हरदा तहसील के 10846, खिरकिया तहसील के 9328, टिमरनी तहसील के 9319, रहटगांव तहसील के 11784, सिराली तहसील के 9880 और हंडिया तहसील के 7851 किसान शामिल हैं।

# मुख्यमंत्री के प्रस्तावित कार्यक्रम को लेकर हुई समीक्षा बैठक



**अनोखा तीर, हरदा।** प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव का आगामी 18 मार्च को नेहरू स्टेडियम हरदा में कार्यक्रम होना प्रस्तावित है। कलेक्टर सिद्धार्थ जैन ने कार्यक्रम के सुचारू संचालन और सफल आयोजन के लिए मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत हरदा श्रीमती अंजली जोसेफ जोनाथन को प्रभारी अधिकारी नियुक्त किया है। इसके साथ ही उन्होने जिले के अन्य विभागों के अधिकारियों को भी अलग-अलग दायित्व सौंपते हुए आदेश जारी कर दिए हैं। शुक्रवार को कलेक्टर सभाकक्ष में आयोजित बैठक में कलेक्टर श्री जैन ने प्रस्तावित कार्यक्रम की रूपरेखा और अब तक की गई तैयारियों की विस्तार से समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि मुख्यमंत्री के प्रस्तावित कार्यक्रम के संबंध में सभी संबंधित अधिकारी आवश्यक तैयारियां समय रहते पूर्ण कर लें और सौंपे गये दायित्वों का जिम्मेदारी के साथ निर्वहन करें। बैठक में मुख्यमंत्री के कार्यक्रम की रूपरेखा, सुरक्षा व्यवस्था, हितलाभ वितरण सहित अन्य संबंधित विषयों पर चर्चा की गई। कलेक्टर ने सभी संबंधित विभागों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए और कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए विस्तृत योजना बनाकर कार्य करने के लिए कहा। बैठक में पुलिस अधीक्षक श्री शशांक, सीईओ जिला पंचायत श्रीमती अंजली जोसेफ जोनाथन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अमित मिश्रा, संयुक्त कलेक्टर सतीश राय व रजनी वर्मा सहित विभिन्न विभागों के जिला अधिकारी उपस्थित थे।

## कृषि विज्ञान केंद्र की फसल अवशेष प्रबंधन पर तकनीकी सलाह

**अनोखा तीर, हरदा।**

कृषि विज्ञान केंद्र हरदा के वैज्ञानिक डॉ. आर सी जाटव ने किसानों को सलाह दी है कि फसल कटाई के बाद बचा हुआ फसल अवशेष को किसान भाई न जलाएं क्योंकि फसल अवशेष को जलाने से मृदा का स्वास्थ्य खराब होता है। साथ ही साथ फसलों को मिलने वाले आवश्यक पोषक तत्व की हानि होती है। आग लगाने के कारण मृदा में उपस्थित आवश्यक लाभदायक जीव जैसे बैक्टीरिया, फंजई आदि की हानि होती है जो हमारी मृदा के स्वास्थ्य एवं फसल उत्पादन में अति आवश्यक भूमिका निभाते हैं। फसल अवशेष जलने से मृदा का जैविक कार्बन काम हो जाता है जो कि मृदा स्वास्थ्य के लिए एक महत्वपूर्ण अंग है। अगर मृदा का जैविक कार्बन कम होगा तो मृदा कठोर होती जाएगी और लाभदायक जीव की मृदा में संख्या कम होती जाएगी। अत : किसान भाइयों से विशेष अनुरोध है कि अपने खेत का फसल अवशेष को जलाने की जगह विभिन्न कृषि यंत्रों के माध्यम से मृदा में मिलाये। श्री जाटव ने किसानों को सलाह दी है कि जब हम फसल अवशेष को मृदा में मिलाते हैं तो हमारे फसल अवशेष का कार्बन/ नाइट्रोजन अनुपात अधिक होने के कारण का मृदा का कार्बन / नाइट्रोजन अनुपात बिगड़ जाता है, जिसके कारण फसल अवशेष सड़ गल कर जल्दी खाद में परिवर्तित नहीं होते हैं ।